राष्ट्रीय दैनिक

बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

एमेच्योर एशिया पैसिफिक चौम्पियनशिप: अवनी ...8

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

सोमवार, 13 मार्च 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 10 अंक: 81 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

मोदी दुनिया में देश का नाम कर रहे हैं, तो कुछ लोग देश को बदनाम कर रहे हैं, राहुल पर योगी का निशाना

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बिना लंदन में दिये उनके बयान की आलोचना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक तरफ वैश्विक मंचों पर भारत का दबदबा बढ़ रहा है तो दूसरी तरफ कुछ लोग दूसरे देशों में जाकर भारत की आलोचना कर रहे हैं। रविवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बशारतपुर–प्रथम शक्ति केंद्र पर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, भारत के लोकतंत्र को कोसने वाले ये वही लोग हैं जो मौका मिलने पर स्वयं लोकतंत्र का गला घोंटने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं। मोदी दुनिया में देश का नाम कर रहे हैं तो कुछ लोग देश को बदनाम करने में जुटे हैं।

आधिकारिक बयान के अनुसार भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में जाकर देश की आलोचना करने वाले वही लोग हैं जो केरल में रहते हैं तो उत्तर प्रदेश की बुराई करते हैं और दिल्ली में रहते हैं तो केरल की। योगी ने कहा, इन चेहरों को पहचानने की जरूरत है, ये देश के सुदृढ़ लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं, इनकी खानदानी विरासत ही 'बांटो और राज करो' की विभाजनकारी राजनीति की रही है। इनकी विभाजन की मानसिकता और इनके षड्यंत्र को सफल नहीं होने देना है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 8–9 वर्षों में हासिल देश की उपलब्धियां नए भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं तथा राष्ट्रपति के अभिभाषण में देश की उपलब्धियों और भावी योजनाओं की सुनहरी तस्वीर है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भारत दुनिया को राह दिखाने वाला देश होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में इसकी गूंज को अंगीकार कर जन जन तक पहुंचाने का दायित्व सभी कार्यकर्ताओं पर है। योगी ने जी–20 की चर्चा करते हुए कहा कि जी–20 का नेतृत्व मिलना भारत के सामर्थ्य को प्रदर्शित करता है, वैश्विक मंच पर भारत की शक्ति की यशोगाथा दुनिया गा रही है।उन्होंने कहा कि हमारा संविधान केवल अधिकार ही नहीं बताता बल्कि कर्तव्यों का भी एहसास कराता है। मुख्यमंत्री ने केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकारों की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि सरकार विपत्ति में भी नागरिकों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी रही। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट में मुफ्त जांच, मुफ्त इलाज, मुफ्त वैक्सीन और मुफ्त राशन की सुविधा दी गई। मुख्यमंत्री के संबोधन के पहले चार कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के अभिभाषण का वाचन किया और उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ योगी ने भी संपूर्ण अभिभाषण को सुना।

पीएम मोदी ने हुब्बल्लि में दुनिया के सबसे लंबे रेलवे प्लेटफॉर्म को राष्ट्र को समर्पित किया

धारवाड़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि स्टेशन पर "दुनिया का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म" राष्ट्र को समर्पित किया। अधिकारियों ने कहा कि इस उपलब्धि को हाल ही में 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' द्वारा मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि 1,507 मीटर लंबा प्लेटफॉर्म लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। मोदी ने यहां एक कार्यक्रम में क्षेत्र में संपर्क बढ़ाने के लिए होसपेटे–हुब्बल्लि–तिनाईघाट खंड के विद्युतीकरण और उन्नत होसपेटे स्टेशन को भी राष्ट्र को समर्पित किया।

अधिकारियों ने बताया कि 530 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित, विद्युतीकरण परियोजना विद्युत कर्षण पर निर्बाध ट्रेन संचालन प्रदान करती है। पुनर्विकसित होसपेटे स्टेशन यात्रियों को सुविधाजनक और आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगा। स्टेशन को हम्पी स्मारकों के समान डिजाइन किया गया है। प्रधानमंत्री ने हुब्बल्लि–धारवाड़ स्मार्ट सिटी की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत लगभग 520 करोड़ रुपये है।

मोदी ने जयदेव अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र की भी आधारशिला रखी। इसे 250 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा। इसके अलावा क्षेत्र में जल आपूर्ति को और बढ़ाने के लिए, प्रधानमंत्री ने धारवाड़ बहु ग्राम जलापूर्ति योजना की आधारशिला रखी जिसे 1,040 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया जाएगा। उन्होंने तकरीबन 150 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होने वाली तुप्पारीहल्ला बाढ़ क्षति नियंत्रण परियोजना की आधारशिला भी रखी। परियोजना का मकसद बाढ़ से होने वाले नुकसान को कम करना है।

समलैंगिक विवाह को लेकर सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने जताया कड़ा विरोध

कहा– ये भारतीय फैमिली सिस्टम के खिलाफ

समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में विरोध किया है। समलैंगिक कानून को मान्यता देने की मांग को लेकर केंद्र सरकार ने कहा कि इस कानून को मान्यता नहीं मिलनी चाहिए। ये भारतीय सामाजिक मान्यताओं और पारिवारिक व्यवस्था में टकराव पैदा करेगा। भारतीय पारिवारिक व्यवस्था के मूल रूप के ये खिलाफ है। इस याचिका का विरोध करते हुए केंद्र सरकार ने कहा कि इसमें कई तरह की कानूनी अड़चनों का सामना करना होगा। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने इस वर्ष समलैंगिक शादी को लेकर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अलग अलग याचिकाओं को भी ट्रांसफर कर लिया था। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल कई याचिकाओं में समलैंगिक विवाह को स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत रजिस्टर करने की मांग की गई है।

अन्य धर्म भी नहीं देते मान्यता: बता दें कि इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में 13 मार्च को सुनवाई होनी है जिससे पहले केंद्र सरकार ने याचिकाओं को ट्रांसफर किया है। बता दें कि इस मामलें में अब चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारडीवाला की बेंच सुनवाई करेगी। इस मामले में केंद्रीय कानून मंत्रालय ने कहा कि भारत में परिवार का अर्थ पति–पत्नी और उनकी संतान से है। समलैंगिक विवाह भारत की इस अवधारणा के विरुद्ध काम करता है। वहीं संसद में पारित विवाह कानून और विभिन्न धर्मों की परंपराएं भी इस शादी को मान्यता नहीं देती है। मंत्रालय के मुताबिक अगर इस तरह की शादी को मान्यता मिलती है तो भारत में मौजूद दहेज, घरेलू हिंसा कानून, तलाक, गुजारा भत्ता, दहेज हत्या जैसे तमाम कानूनी प्रावधानों को अमल में ला पाना कठिन होगा। इन सभी कानून के मूल में पति और पत्नी होती है।

वर्ष 2018 में रद्द हुआ था फैसला

इससे पहले वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिकता को अपराध मानने वाली आईपीसी की धारा 377 को रद्द कर दिया था। इस धारा के रद्द होने के बाद दो व्यस्कों के बीच आपसी सहमति से बने समलैंगिक संबंध अपराध की श्रेणी में नहीं आते है। अपराध ना माने जाने की स्थिति में मांग की गई थी कि साथ रहने वाले समलैंगिक कपल को कानून से मान्यता मिलने पर शादी की अनुमति भी मिलनी चाहिए। इस मामले पर केंद्र सरकार का तर्क है कि समलैंगिक व्यस्कों को शारीरिक संबंध बनाए जाने को अपराध न मानना और शादी की अनुमति देना दो अलग मुद्दे है। समलैंगिक कपल को शादी का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं है।

महाकालेश्वर मंदिर में मनाई गई रंगपंचमी

टेसू के फूलों से बने रंग में रंगे महाकाल, रंगों से सराबोर हुए श्रद्धालु

भारत भर में 12 मार्च को रंगपंचमी का त्योहार मनाया जा रहा है। रंगपंचमी का उल्लास महाकाल मंदिर में भी देखने को मिला। महाकाल मंदिर से ही रंगपंचमी की शुरुआत हुई जब यहां सबसे पहले महाकाल को रंग अर्पित किया गया। इसके बाद पंडितों और पुजारियों ने मिलकर गर्भगृह से नंदी हॉल तक रंग उड़ाया। इसी के साथ सभी रंचपंचमी के रंग में डूबे दिखे। जानकारी के मुताबिक महाकाल को सबसे पहले टेसू के फूलों से बना रंग लगाया गया। भक्तों पर भस्म आरती के समय रंग और गुलाल उड़ाया गया। इसी के साथ पूरा नंदी हॉल गुलाल और रंग में भीग गया। बता दें कि रंगपंचमी के त्योहार के लिए पुजारियों ने तीन क्विंटल टेसू के फूलों से बना प्राकृतिक रंग तैयार किया था। रंगपंचमी की शुरुआत जैसे ही महाकाल मंदिर में हुई उसके बाद ही शहर भर में रंगपंचमी भी धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान युवाओं ने सड़कों पर मस्ती में रंग पंचमी मनाई और गुलाल उड़ाया। शहर के लोगो में रंग पंचमी को लेकर अलग ही उत्साह देखने को मिला। बता दें कि रंगपंचमी के मौके पर महाकाल मंदिर, सिंहपुरी, कार्तिक चौक और भागसीपुरा से पारंपरिक गेर निकली जाती है। भक्त बैंड बाजा, ढोल की थाप के साथ बहादुरी और जीत का प्रतीक ध्वजा लेकर निकलेंगे। बता दें कि रंग पंचमी का त्योहार देश के कुछ ही हिस्सों में मनाया जाता है। रंग पंचमी के पर्व पर अलग ही उत्साह और उमंग देखने को मिलता है। इस पर्व की शुरुआत सुबह चार बजे महाकाल मंदिर में होने वाली भस्म आरती से हुई है। भगवान महाकाल को भांग, सूखे मेवे, गुलाल, कंकू, चंदन लगाया गया और उनका श्रृंगार किया गया इसके बाद भस्म से उनकी आरती की गई। इसके बाद भगवान महाकाल को रंगपंचमी का पहला रंग चढ़ाया गया। इसके बाद देशभर में रंगपंचमी की धूम दिखाई दी।

संसद के बजट के दूसरे चरण से पहले एक जुट होगा विपक्ष

नयी दिल्ली। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की रणनीति तैयार करने के लिये सोमवार की सुबह विपक्षी दल बैठक करेंगे। सत्र के दूसरे चरण में विपक्ष केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरूपयोग और अडाणी विवाद सहित कुछ अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने का प्रयास करेगा। सूत्रों ने बताया कि विपक्षी दलों की करीब 10 बजे संसद भवन परिसर में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के कार्यालय में बैठक होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इसके बाद कांग्रेस संसदीय पार्टी की बैठक में सांसद हिस्सा लेंगे जहां पार्टी की रणनीति पर चर्चा होगी। विपक्षी दलों द्वारा सत्र के दौरान केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरूपयोग, अडाणी विवाद, चीन के साथ सीमा गतिरोध, महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे उठाये जा सकते हैं। कांग्रेस नेता के. सुरेश ने कहा कि उनकी पार्टी अडाणी–हिंडनबर्ग मुद्दे को उठाना जारी रखेगी और सरकार से सवाल पूछेगी क्योंकि सत्र के पहले चरण में इस बारे में सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया था। इसमें मुख्य मुद्दा केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरूपयोग का रहने की संभावना है। यह विषय नौकरी के बदले जमीन घोटाले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के खिलाफ जारी जांच को लेकर चर्चा में है। समाजवादी पार्टी, वाम दल और द्रमुक भी संघीय ढांचे पर आघात और संस्थाओं के कथित दुरूपयोग को लेकर विरोध व्यक्त कर रहे हैं। सत्र के दौरान तृणमूल कांग्रेस एलआईसी, एसबीआई के समक्ष संभावित खतरे, महंगाई, बेरोजगारी, केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरूपयोग के मुद्दे को उठायेगी। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओब्रायन ने हाल ही में कहा था कि एलआईसी से जुडे निवेश प्रभावित खतरे, महंगाई जैसे विषयों का आम लोगों के जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ता है और तृणमूल कांग्रेस इन विषयों को उठायेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरूपयोग के विषय को भी उठायेगी। गौरतलब है कि संसद के बजट सत्र की शुरूआत 31 जनवरी को हुई थी जिस दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण दिया था। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक, सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च से शुरू होकर 6 अप्रैल तक चलेगा।

संसद के बजट सत्र 2023 का दूसरा सत्र आज से होगा शुरू, केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई पर हंगामे के आसार

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण कल से शुरू होगा। इस सत्र के दूसरे हिस्से की शुरुआत एक महीने के अवकाश के बाद होने जा रही है, जिसमें सरकार की प्राथमिकता वित्त विधेयक को पारित कराने की रहेगी। इस सत्र के दौरान विपक्षी पार्टियां गैर बीजेपी शासित राज्यों की सरकारों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के दुरूपयोग और अडानी समूह से संबंधित मामले पर केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश में रहेगी। बता दें कि बजट सत्र के दूसरे चरण में दोनों सदनों में रणनीति तैयार की जाएगी। इसके लिए विपक्षी दलों ने सोमवार यानी 13 मार्च की सुबह बैठक भी बुलाई है। इस बैठक में सरकार को घरेने के लिए मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस मामले पर कांग्रेस नेता के. सुरेश का कहना है कि कांग्रेस अडानी–हिंडनबर्ग मामले पर केंद्र सरकार को घेरेगी। सराकर से सवाल पूछा जाएगा कि सत्र के पहले चरण में इस संबंध में सरकार ने कोई जवाब क्यों नहीं दिया था। इसके अलावा विपक्ष हाल ही के दिनों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा विपक्षी नेताओं के यहां की जा रही छापेमारी को लेकर भी सवाल उठाएगा। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। इस मामले पर सभी विपक्षी दलों ने मिलकर भाजपा की आलोचना की है। वहीं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का कहना है कि सरकार की प्राथमिकता वित्त विधेयक को पारित कराने की है।

सत्र के दूसरे चरण में रेलवे, पंचायती राज, पर्यटन, संस्कृति, स्वास्थ्य समेत कई मंत्रालयों से संबंधित मांगों पर चर्चा की जाएगी।

वहीं बजट सत्र के दूसरे सत्र की शुरुआत से पहले राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की सुचारू कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक भी बुलाई है। बता दें कि संसद का बजट सत्र 31 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के साथ शुरू हुआ था। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चला था और इस दौरान कुल 10 बैठकें आयोजित हुई थी। पहले चरण में राष्ट्रपति के संबोधन पर धन्यवाद ज्ञापन और केंद्रीय बजट 2023–24 पर चर्चा हुई थी। वहीं संसद का दूसरा सत्र 13 मार्च से शुरू होकर 6 अप्रैल तक चलेगा।

भाजपा सरकार में महंगाई से आमजन परेशानः अनिल दुबे

–राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

अयोध्य। राष्ट्रीय लोकदल राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे अयोध्या पहुंचे जहां राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने अवध क्षेत्र अध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल के नेतृत्व में नाका बाईपास पर राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे का स्वागत किया। अनिल दुबे ने अयोध्या पहुँचकर हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन भी किया। प्रयागराज की घटना को लेकर उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने कहा था कि उत्तर प्रदेश माफिया विहीन हो जाएगा एक भी माफिया उत्तर प्रदेश में नही रहेंगे लेकिन फिर भी माफिया बाहर है और प्रयागराज, लखीमपुर और कानपुर जैसी घटनाओं को अंजाम दिया। सरकार बताए कि यदि सभी माफिया जेल में है तो ऐसी घटनाएं कैसे घटित हो रही हैं। बताते चलें कि मनकापुर जाते समय राष्ट्रीय प्रवक्ता ने अयोध्या में रुक कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि 2024 चुनाव व स्थानीय निकाय चुनाव हम सपा के गठबंधन से लड़ेंगे और जीतेंगे क्योंकि जिस प्रकार भाजपा की सरकार में महंगाई आसमान छू रही है किसान परेशान है 2024 में भाजपा को जनता मुंह तोड़ जवाब देने का काम करेगी।

श्री दूबे ने मौजूद सरकार को किसान नौजवान विरोधी बताते हुए कहा कि सरकार हर वर्ष युवाओं को 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था सबका साथ सबका विकास एक छलावा है आज देख लीजिए आलू का किसान ओने पौने दामों पर आलू बेचने को विवश है हमारी पार्टी हमारे नेता चौधरी जयंत सिंह लगातार सरकार से मांग कर रहे है कि आलू का समर्थन मूल्य घोषित करें यह भी कहा कि यह सरकार केवल चन्द पूंजीपतियों के इसारे पर चल रही है एक तरफ जहां गन्ने के मूल्य में कोई वृद्धि नहीं हुई वहीं किसानों को समय से गन्ना मूल्य भुगतान नहीं मिल रहा मिले अपनी पूरी क्षमता से नहीं चलाई जा रही हैं किसानों का गन्ना खेतों में खड़ा सूख रहा है स्वागत कार्यक्रम चौधरी रामसिंह पटेल के अलावा रालोद नेता राजेश तिवारी प्रमोद श्रीवास्तव, बबलू यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे।

इंफ्लूएंजा–ए का कहर बढ़ा पीड़ित मरीजों की संख्या 100 के पार पहुंची

फेफड़ों और सांस की नली में फैला संक्रमण

कानपुर। इंफ्लूएंजा–ए के सब टाइप इंफ्लूएंजा (एच 3 एन 2 वायरस) का कहर बढ़ता जा रहा है। कानपुर में इंफ्लूएंजा–ए के मामले तेजी से बढ़े हैं। बीते 5 दिनों में कानपुर में वायरस से पीड़ित मरीजों की संख्या 100 के पार पहुंच गई है। 23 गंभीर मरीजों को कानपुर के हैलट हॉस्पिटल में आईसीयू में भर्ती किया गया है।

इसमें 3 मरीज वेंटीलेटर पर हैं। कानपुर मेडिकल कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी के मुताबिक रोजाना इमरजेंसी में करीब 15 से 20 मरीज हैलट इमरजेंसी में एडमिट हो रहे हैं। इन्हें फेफड़ों और सांस की नली में संक्रमण के चलते सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

फेफड़ों में पाया गया संक्रमण

प्रो. रिचा गिरी ने बताया कि मरीजों की केस हिस्ट्री तैयार की गई है, सभी को 15 से ज्यादा दिनों से खांसी, जुकाम और बुखार था। इसके बाद सभी को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। एक्स–रे कराने पर फेफड़ों में संक्रमण पाया गया है। 23 मरीजों की स्थिति देखते हुए आईसीयू और एचडीयू में एडमिट कराया गया है। कानपुर में इन्फ्लूएंजा–ए वायरस का हमला होने के बाद भी जांच की सुविधा नहीं है। कार्यवाहक प्राचार्य के मुताबिक प्रदेश में अभी इसकी जांच सिर्फ लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी यानी केजीएमयू की आईसीएमआर लैब में ही हो रही है। हैलट मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. जेएस कुशवाहा की इमरजेंसी में रोगियों को भर्ती किया जा रहा है।

मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों पर पेश हुए 25 मामले, एक का निस्तारण

मिल्कीपुर–अयोध्या। मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों कुमारगंज, खंडासा और इनायतनगर पर आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 25 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें से 01 मामले का निस्तारण तत्काल मौके पर ही थाना प्रभारियों द्वारा करा दिया गया। कुमारगंज थाने पर एसडीएम अमित कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 5 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें एक भी शिकायतों का मौके पर निस्तारण नहीं हुआ। इनायत नगर थाने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 6 लोगों ने अपनी शिकायते पेश की। जिनमें से मौके पर एक भी मामले का निस्तारण नहीं हुआ। इसके अलावा खंडासा थाना पर तहसीलदार हेमंत कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस मे थाना क्षेत्र से 14 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें एक मामले का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया। थाना समाधान दिवस में प्रस्तुत राजस्व व पुलिस विभाग से संबंधित जिन मामलों का त्वरित निस्तारण नहीं हो सका उन्हें निस्तारित किए जाने हेतु राजस्व एवं पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीमें गठित कर दी गई।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

कानपुर। साढ़ में एक युवक देर रात शराब के नशे में घर आया। इसके बाद घर के बाहर पड़ी चारपाई पर सो गया। सुबह परिजनों ने युवक को उठाने का प्रयास किया। तो युवक की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

साढ़ थाना क्षेत्र के बारी गांव निवासी वीरेंद्र कोरी का बेटा सर्वेश कोरी (25) अविवाहित है। सर्वेश पांच भाई है, जिनमें वह चौथे नम्बर का था। बताया कि सर्वेश मजदूरी करके जीवन यापन करता था। देर रात सर्वेश शराब के नशे में इधर–उधर टहल रहा था। ग्रामीणों ने परिजनों को बताया कि परिजन युवक को पकड़कर घर पर ले आए।

यहां पर घर के बाहर पड़ी चारपाई पर लेटा दिया। जिसके बाद सुबह परिजनों ने युवक को उठाया तो उठा नहीं। युवक की चारपाई पर लेटे हुए संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।

परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। थाना प्रभारी सच्चिदानंद ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति युवाओं के लिए लाभप्रद

जौनपुर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति युवाओं के लिए बहुत ही लाभप्रद है। इसके माध्यम से युवाओं को अपनी अभिरुचि के अनुसार रोजगार परक शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। पुरानी शिक्षा पद्धति में अनेक खामियां थी जिनको नई शिक्षा नीति में दूर करने का प्रयास किया गया है। उक्त उद्गार तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन मुख्य अतिथि प्रो.रूद्रनारायण ओझा ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में अध्यापक–विद्यार्थी अनुपात 1:30 होगा। सरकार का लक्ष्य है कि 2025 तक देश में 100: साक्षरता हो। हमारी शिक्षा मातृभाषा में हो जिससे हमें विषय को समझने में आसानी होती है। बच्चा जिस भाषा में स्वप्न देखता है, वही उसकी मातृभाषा होती है।

लगातार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयत्न करना सच्चे विद्यार्थी का लक्षण है। उन्होंने कहा कि जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए तब तक हमें चौन से नहीं बैठना चाहिए। इससे पूर्व प्रथम सत्र में शिविरार्थियों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली तथा शिविर स्थल के आसपास एवं टीडी कॉलेज के एनसीसी ग्राउंड की सफाई की, वृक्षारोपण किया तथा पहले से लगे हुए वृक्षों में थाले बना–कर निराई–गुड़ाई की एवं पानी दिया। साथ ही साथ इसी सत्र में आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी, डॉ हरिओम त्रिपाठी, डॉ0 माया सिंह, डॉ0 विपिन कुमार सिंह और डॉक्टर जितेश कुमार सिंह ने ही शिविरार्थियों को संबोधित किया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

अवध विवि में 17 मार्च को होने वाले दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च, 2023 को प्रातः 11 बजे से होगा। समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला के पूर्व कुलपति प्रो0 (डॉ.) कुलदीप चन्द अग्निहोत्री होंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार के योगेन्द्र उपाध्याय एवं उच्च शिक्षा राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश रजनी तिवारी रहेंगी। इस दीक्षांत समारोह में 127 स्वर्णपदक सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्र–छात्राओं को प्रदान किए जायेंगे। परिसर के स्नातक के 563 व परास्नातक के 706 एवं पीएचडी में 97 छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान की जायेगी। इसमें विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के कुल 1 लाख 91 हजार 74 छात्र–छात्राओं को उपाधि दी जायेगी। दूसरी ओर विश्वविद्यालय में उपाधि धारक छात्र–छात्राओं को उपाधि एवं वेशभूषा उत्तरीय का वितरण 15 मार्च से 16 मार्च तक प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक किया जायेगा। इसके लिए उपाधि धारक छात्र–छात्राओं को आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

जिला पंचायत सदस्य पर हमले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

सोहावल–अयोध्या। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध और अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान में मुकदमे में वांछित चल रहे अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह अपने हमराही हेड कांस्टेबल मुकेश यादव कांस्टेबल श्याम सुंदर महिला आरक्षी ललिता तिवारी के साथ क्षेत्र में गश्त पर निकले थे कि जरिए मुखबिर सूचना मिली कि अपराध संख्या 387ध 2022 वांछित अभियुक्त लखौरी गांव में मौजूद है। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घेराबंदी करके अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। रौनाही थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जामा तलाशी और पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपना नाम आशुतोष तिवारी उर्फ शिवम उर्फ गुड्डू पुत्र अरविंद तिवारी निवासी ग्राम देवरी तारन पट्टी पोस्ट कटरा चुघ्घूपुर थाना जयसिंहपुर जिला सुल्तानपुर बताया।आरोपी जिला पंचायत सदस्य पर हुये हमले में वांछित था स गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

चोरी की बैट्री के साथ युवक गिरफ्तार

गोसाईगंज–अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली पुलिस ने बीते 5 मार्च को घर के सामने खड़ी ट्रैक्टर से बैट्री चुराने के मामले में आरोपी युवक को बैट्री के साथ गिरफ्तार किया है। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया। एसएचओ अक्षय कुमार के मुताबिक पकड़े गए युवक की पहचान मंजीत कुमार पुत्र रामफूल निवासी बनघुसरा के रूप में हुई।आरोपी को हांसापुर देशी शराब की दूकान से सुबह गिरफ्तार किया गया।बताया कि बीते4ध5मार्च रात्रि को सरैया गांव निवासी प्रह्लाद चौरसिया पुत्र परशुराम के घर के सामने खड़ी टैक्टर को चोरो ने निशाना बनाते हुए बैट्री को पार कर दिया था।5मार्च को सुबह आठ बजे उसने देखा कि उसमें से बैट्री गायब है।कई दिनों तक इधर उधर काफी खोजबीन किया।आरोप है कि इसी बीच जानकारी मिली कि बगल के गांव के ही युवक ने बैट्री को चुराया है।पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर नामजद केस दर्ज कराया था।

जटाशंकर सिंह कांग्रेस पार्टी के सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बनाए गए

सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बनने पर क्षेत्र के लोगों ने दी बधाई

बृजभूषण तिवारी / दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। जटाशंकर सिंह उत्तर प्रदेश कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के बनाए गए महासचिव क्षेत्र के लोगों ने जटाशंकर सिंह को महासचिव बनने पर दी बधाई जनपद गोंडा के वजीरगंज थाना क्षेत्र के मूल निवासी जटाशंकर सिंह कांग्रेस पार्टी के जमीनी स्तर के पुराने नेता हैं इनकी कर्मठता व संगठन के प्रति निष्ठावान लगन एवं अनुभव को देखते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस पंचायती राज संगठन (मध्य जोन) प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिनाम सिंह चौहान के संतुष्टि पर जटाशंकर सिंह को उत्तर प्रदेश कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है पार्टी ने इन पर विश्वास करते हुए संगठन के माध्यम से प्रदेश के सहकारिता आंदोलनों से जुड़े लोगों को अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस पार्टी की मूल धारा से जोड़कर कांग्रेश अध्यक्ष मलिकार्जुन खडगे तथा प्रदेश कांग्रेश कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खावरी तथा कांग्रेसी नेतृत्व के हाथों को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके कांग्रेश प्रकोष्ठ के महासचिव बनने पर क्षेत्र व जिले के लोगों ने दी बधाई!

सात सूत्रीय मांगों को लेकर मूल्यांकन वहिष्कार पर अड़े शिक्षक संगठन

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की सर्वदलीय बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की सर्वदलीय बैठक श्री कृष्ण पांडेय इंटर कॉलेज बस्ती में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह व संचालन जिला मंत्री अरुण कुमार मिश्रा ने किया। बैठक में सात सूत्रीय मांगों को लेकर प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन के वहिष्कार का सामूहिक निर्णय लिया गया। संघर्ष को प्रभावी बनाने के लिए जिला समन्वय समिति का गठन किया गया। संघर्ष की अगली सर्वदलीय बैठक 16 मार्च को श्री कृष्ण पांडेय इंटर कॉलेज में होगी। प्रांतीय उपाध्यक्ष मारकंडे सिंह ने कहा कि सरकार शिक्षक हितों की अनदेखी कर रही है, जिससे किसी भी दशा में वर्दास्त नही किया जायेगा। पुरानी पेंशन योजना की बहाली को आरोप आर पार का संघर्ष किया जायेगा। संघर्ष को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए अन्य संगठनों से भी सहयोग मांगा जायेगा। एनपीएस धारक शिक्षको के प्रान खातों में पूर्ण राशि (राज्यांश सहित) दर्शाई जाए। अद्यतन तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण हो और रोके गए वेतन को तत्काल निर्गत किया एवं। वित्तविहीन विद्यालयों की मान्यता की धारा 7(4) के संशोधन को वापस लिया जाए तथा पूर्व में सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुसार उनकी सेवा नियमावली एवं मानदेय घोषित किया जाए।प्रांतीय उपाध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों की भांति माध्यमिक शिक्षकों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं एवं मूल्यांकन सहित सभी दरों को सीबीएसई के बराबर किया जाए एवं वर्ष 2018 से अब तक के सभी अवशेषों को शीघ्र भुगतान किया जाए। बैठक में शिक्षकों के बकाया परिश्रमिक व वेतन अवशेष के भुगतान की मांग की गयी। बैठक में एनपीएस को अपडेट करने, सेवानिर्वर्त्त शिक्षकों का पेंशन जीपीएफ के पत्रावली का प्रस्तुत करने की मांग की गयी।मंडलीय मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि इण्टरमीडिएट अधिनियम की धारा 21 छ के अनुपालन में आमेलित विषय विशेषज्ञों हेतु मार्गदर्शी सिद्वान्त जारी कराते हुए पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एनपीएस की अधिसूचना 28 मार्च 2005 को जारी की गयी थी अतः केन्द्र के निर्णय के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार भी 28 मार्च 2005 के पूर्व के विज्ञापनों द्वारा नियुक्त शिक्षक ध कर्मचारियों को एनपीएस के स्थान पर ओपीएस का लाभ दें।इस दौरान मण्डलीय अध्यक्ष राम पूजन सिंह, मण्डलीय मंत्री संजय द्विवेदी,प्रवीण कुमार गुप्ता , आदित्य प्रताप सिंह, दिग्विजय सिंह, गिरिजेश कुमार श्रीवासत्व, राजित राम वर्मा, डा. वीरेंद्र सिंह, डा.सुरेन्द्र चौधरी, आनंद प्रकाश पाण्डेय, आनंद सिंह, करुणाकर सिंह, अच्छे लाल, छेदी मौर्य, फागु लाल गुप्ता, गणेश मौर्य, अरुण सिंह, अजय पांडेय, सुरेंद्र मणि मिश्रा, विकास सिंह, रामेन्द्र पांडेय, जितेंद्र शाही, इंद्र बहादुर, रमेश चंद्र गुप्ता, सतीश रंजन सिंह, अरुण त्रिपाठी, राम नरोत्तम चौधरी, दिनेश कुमार यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की रैली निकाली

जौनपुर। राजा श्रीकृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन चारो इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में स्वयंसेवियों द्वारा शिविर के प्रथम सत्र में चयनित ग्राम सभा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान पर एक रैली निकाली गई रैली के माध्यम से ग्रामवासियों को बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ हेतु जागरूक किया गया रैली अपने चयनित ग्रामों से होते हुए पुनः शिविर स्थल वापस आयी। शिविर के द्वितीय सत्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि प्रो० अजय द्विवेदी, एवं विशिष्ट अतिथि प्रो० जाह्नवी श्रीवास्तव, रहीं। अतिथियों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं विषय पर अपना सम्बोधन दिया। तत्पश्चात स्वयंसेवियो द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर भी दिया जिससे स्वयंसेवी पूर्ण रूप से संतुष्ट दिखाई दिये। इसके पूर्व वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ० विजय प्रताप तिवारी एवं डॉ० मधु पाठक द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम प्रदान कर स्वागत किया गया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मधु पाठक ने किया तथा आभार डॉ0 युदबंश कुमार ने किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का शुभारंभ

मिल्कीपुर–अयोध्या। स्थानीय श्री रामफेर शिवफेर पी.जी. कॉलेज निमड़ी अयोध्या द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ प्रबंधक प्रोफेसर राम सरदार यादव द्वारा शिविर स्थल डी.एम. इंटर कॉलेज भिटारी बाबा रनापुर अयोध्या के लिए हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान किया गया द्य शिविर स्थल पर डी.एम. इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ. वेद प्रकाश द्वारा मां सरस्वती का माल्यार्पण कर किया गया। स्वयंसेवकों के द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत की प्रस्तुति की गयीद्य शिविर के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र पर स्वंय सेवक द्वारा शिविर स्थल की साफ सफाई तथा सायंकालीन सत्र मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर चारों इकाइयों के कार्यक्रमाधिकारीगण श्रीमती प्रगति मिश्रा, श्रीमती गीतामती देवी, डॉ. उषा पाण्डेय, श्री राम नरायन एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण श्रीमती नीलम यादव, पूजा यादव, प्रज्ञा यादव, श्रीनाथ यादव, देवराज यादव, अनिल यादव, जगदीश यादव, जितेंद्र यादव, दिलीप मौर्य, ऋषभ श्रीवास्तव, श्यामू गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, अंकित यादव आदि उपस्थित रहे।

दबंगों ने भीटे की जेसीबी से किया खुदाई

जौनपुर। विकास खण्ड मछलीषहर अन्तर्गत ग्राम सभा ताजुद्दीनपुर में स्थित भीटे के खाते की जमीन को सटे गाव ग्राम सभा फगूइपुरा के कुछ दबंगो द्वारा जेसीबी से खुदाई की गई । ग्राम प्रधान तजुद्दीनपुर हरीलाल के विरोध करने भी दबंगों द्वारा खुदाई का काम जारी रखा गया । ग्रामीणों का कहना है कि जहा सरकार अनेक योजनाओं को लेकर ग्राम सभाओ में जमीन तलाष कर रही है वही दबंगो द्वारा भीटे की जमीन का अतिक्रमण का मामला हास्यास्पद लग रहा है । ग्राम प्रधान द्वारा तहसीलदार व उप जिलाधिकारी को सूचना दी गई है । लेकिन अभी तक कार्यवाही नहीं की गयी है।

समाजसेवी ने अग्नि पीड़ित को दी आर्थिक मदद

अयोध्या। नगर पंचायत कुमारगंज स्थित गिरजा मोड़ पर व्यापारी लव–कुश कौशल और एक नई बिरादरी की दुकान पूरी तरीके से जलकर राख हो गई। दुकान में लगभग 10 लाख के ऊपर का टायर भरा हुआ था जो जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पर समाजसेवी राजन पांडे के तीनों बेटे अमित अंकित सदस्य जिला पंचायत अर्पित पांडे तीनों ने व्यापारियों के साथ मिलकर आग बुझाने का कार्य किया जिसमें बच्चों के पैर में चोट भी लग गई। राजन पांडे द्वारा पीड़ित टायर दूकानदार को 5000 रूपये नगद व मंगल शर्मा को 2000 रूपये सहायता राशि उपलब्ध कराई और उन्हें भरोसा दिलाया कि दुख की घड़ी में मैं और मेरा परिवार आपके साथ है। उन्होंने सर्व समाज के लोगों से अपील किया कि पीड़ित दूकानदार को पुनः स्थापित करने में आप सभी भाई हर संभव मदद करें थोड़ी–थोड़ी मदद से इनकी दुकान फिर से चालू हो सकती है। साथ ही प्रशासन से मांग किया कि जो भी नुकसान हुआ है उसकी भरपाई की जाए यदि किसी ने दुकान में आग लगाई है तो जांच करके उसका खुलासा किया जाए और उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

गायत्री मल्टीस्पेशलिटी होम्योपैथी क्लीनिक का हुआ उदघाटन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा,बेलसर। गायत्री प्रतिष्ठान मल्टीस्पेशलिटी होम्योपैथी क्लीनिक एवं रिसर्च सेंटर के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, भूपेंद्र सिंह ने उद्घाटन किया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रो0 डॉ0सुभाष सिंह डायरेक्टर राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान,आयुष मंत्रालय भारत सरकार , कोलकाता के द्वारा वर्चुअली उदघाटन किया गया,इस अवसर पर क्लीनिक के मुख्य चिकित्सक डॉ0 अनिल कुमार तिवारी, डॉ0 नवीन कुमार मिश्र, हरिश्चन्द्र तिवारी,भूपेंद्र सिंह, डॉ0वीरेंद्र पांडेय, हरिकेश सिंह, अजय सिंह,पंडित भगवंत प्रसाद पांडे,डॉ0 जितेंद्र तिवारी,डॉ0 देवेश पांडेय,डॉ0 अमित गुप्ता,डॉ0अनिल,डॉ0राहुल जायसवाल,डॉ0 अभय कुमार सिंह,डॉ0 तरून कुमार पाठक, डॉ0राम यादव,डॉ0 अखंड सिंह,सुधीर तिवारी,बृजेश कुमार मिश्रा,सहित अन्य लोग रहें।

रंगो का यह होली पर्व अपने जीवन में सदैव सुख रहने का संदेश देती है:पूर्व सांसद डॉ चंद्रशेखर त्रिपाठी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। सांप्रदायिक सौहार्द सदभाव हेतु, रविवार को निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इदरीश राईनी पटवारी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी द्वारा होली एवं शब ए बारात मिलन समारोह का आयोजन चंगेरा पैलेस में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व सांसद डॉ शेखर त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि होली पर्व उमंग व शांतिपूर्ण के साथ मनाया गया यह हमारे लिए हर्ष का विषय है साथ ही रंगों का यह होली पर्व उमंग व शांति पूर्ण के साथ मनाया गया यह हमारे लिए हर्ष का विषय है साथ ही रंगों का यह होली पर्व अपने जीवन में सदैव सुख रहने का संदेश देती है इसी तरह निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इदरीश राईनी व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने भी अपने संबोधन में होली व शब ए बारात की लोगों को बधाई दिया, कार्यक्रम में आए सभी लोगों को मोहम्मद इदरीश राईनी व चमन आरा राईनी ने, अतिथियों को फूल माला व गुलाल अबीर लगाकर स्वागत किया साथ ही सभी लोगों को गुलाल अबीर लगाकर होली की बधाई दी। होली व शबे बरात के कार्यक्रम को पूर्व सपा विधायक लालजी यादव, ईश्वर चंद दुबे ,एडवोकेट रमेश उपाध्याय ,एडवोकेट आदित्य त्रिपाठी, सतीश चंद त्रिपाठी, ने भी अपने संबोधन में आए हुए लोगों को होली की शुभकामनाएं और बधाई दिया। इस दौरान माधव प्रसाद द्विवेदी, नरसिंह त्रिपाठी, अनूप अग्रहरि, डॉक्टर बी एन त्रिपाठी, अरुण गुप्ता, अशोक मिश्रा, पप्पू ,कीर्ति कुमार, धनंजय मिश्रा रवि गुप्ता, सैयद मोहम्मद कुतुब, डॉक्टर राधे रमण मौर्या सहित काफी संख्या में लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

शिक्षा माफियावो द्वारा छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़

गोविन्द वर्मा / दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहास बाजार।शिक्षा माफिया द्वारा छात्रों के जीवन के साथ

खिलवाड़ कर रहे हैं।जहाँ सरकार द्वारा अच्छी शिक्षा देने के लिए प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का आधुनिकीकरण कर रही है।आधुनिक उपकरणों द्वारा छात्रों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देकर उच्च स्थानों पर देखना चाहती है। लेकिन शिक्षा माफिया द्वारा बच्चों के भविष्य को कौन कहे उनके जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।सदर विकास क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पंटनी जंगल के प्राथमिक विद्यालय गोसाईं पुर में लाखों रुपये की लागत से नव निर्माण हो रहे विद्यालय भवन का नींव जितना होना चाहिए उतना नहीं है। इसके अलावा घटिया किस्म का ईंटों का प्रयोग करके निर्माण कार्य जारी है।नींव का वीम बिना सरिया (छड़) डाले ही वीम लगा दिया गया है।इसके अलावा पिलर में सिर्फ एक ही छड़ लगा कर दीवार खड़ा किया जा रहा है। ऐसे मानक विहीन विद्यालय भवन के भविष्य पर कितना विश्वास किया जाय वक्त ही बताएगा। ऐसे विद्यालय में छोटे छोटे, नन्हे मुन्ने बच्चे बैठ कर शिक्षा ग्रहण करेंगे तो उनके जीवन के साथ खिलवाड़ ही होगा।इसके जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं।

उसका बाजार में भाजपा ने की मंडल स्तरीय बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसकाबाजार,सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय

उसका बाजार में मंडल स्तरीय बैठक रविवार को किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी राजू साही रहे । इस बैठक में बताया गया कि आगामी चुनाव को लेकर भी चर्चा भी किया गया। बैठक में बूथ को लेकर भी चर्चाएं की गई मंडल प्रभारी राजू साही ने बताया कि नगर निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां किया जाय जिससे भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी को विजय बनाया जाय नगर निकाय चुनाव को लेकर कमर कसनी शुरू कर दी है भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर निर्देश दिया गया है। इस बैठक में उपस्थित भाजपा जिला मंत्री बिंदु मती मिश्रा, मंडल अध्यक्ष जगदीश जायसवाल, मंडल महामंत्री सत्यम पांडेय, रामदरश त्रिपाठी, शिवशरन चौरसिया,जय प्रकाश पांडेय,बंसीधर पांडेय,राकेश सिंह, सत्यप्रकाश ,सुनील जायसवाल,वीरेंद्र दूबे,जितेंद्र पांडेय,दिनेश वरुण,दीपक लोधी, बृजनारायण सिंह आदि कार्यकर्ता रहे मौजूद।

ब्रह्मज्ञान द्वारा मानव में सम्पूर्ण विकास सम्भव,ब्रह्म की प्राप्ति, भ्रम की समाप्तिः निरंकारी मिशन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। संत निरंकारी मिशन का एक आध्यात्मिक सतसंग रविवार को कस्बा के बुद्ध विद्यापीठ महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। मुखी डा. राजाराम यादव ने कहा कि बच्चों को सतसंग में जरूर लाना हैं। जहा प्रेम सिखाया जाता हैं। संत महात्मा गुरु से प्यार करते हैं। गुरु भी हम सभी से प्यार करते हैं।

गुरु की असीम कृपा हैं कि निरंकार प्रभु को प्रकट कर दिए हैं। निरंकारी महात्मा प्रभु परमात्मा को देख कर भक्ति करते हैं। इस दर पर रमे हुए राम का दर्शन कराया जाता हैं। मनुष्य का जन्म ही ज्ञान की प्राप्ति के लिए हुआ है। सतसंग में जो कुछ सिखाया जाता है। उसे हम सभी को अपने जीवन मे उतारना चाहिए। बिना डर के भक्ति भी नही हो पायेगा। जो भी कार्य करें उसे प्रभु परमात्मा देखता हैं। इसलिए हम सभी को हर कार्य बहुत सोच समझ कर करना चाहिए। सेवा सुमिरन करते हुए जीवन मे अगके बढ़ना चाहिए। मिशन से बताया गए पाच प्राण को मानना चाहिए। मुखी ने कहा कि यह तन, मन धन निरंकार प्रभु का हैं। इस पर कभी घमंड नही करना चाहिए। आज हैं कल नहीं रहेगा। किसी के खान–पान, रहन सहन व पहनावे पर आपत्ति व विरोध नही करना चाहिए। भेष भूषा बदल कर समाज पर बोझ नही बनना चाहिए। जात–पात वर्ण आश्रम का अभिमान नही करना चाहिए। ग्रहस्थ में रहना है, वेशधारी साधू संत फकीर बनकर समाज पर बोझ नही बनना चाहिए। सतगुरु का दिया गया ब्रह्म ज्ञान बिना सतगुरु के आज्ञा के नही खोलना चाहिए। संचालन प्रेम पासवान ने किया। डा. सुनील श्रीवास्तव, बृजमोहन, राम प्यारे, साधना, रिशा, खुशबू, गीता, राम लखन, इन्नर प्रजापति, धर्मराज, संतोल आदि लोगो ने भी अपने बिचार रखे।

होली मिलन समारोह से एकता व भाई चारा को मिलता है बलः सांसद जगदम्बिका पाल

भोजपुरी गायक अनिरुद्ध मौर्या ने अपने गीतों से बांधा शमा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज स्थित ब्लॉक परिसर में रविवार को आयोजित होली मिलन समारोह में डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि होली मिलन समारोह से एकता व भाई चारगी को बल मिलता है। ऐसे अवसरों से एक–दूसरे से नजदीकियां बनती हैं। हर त्यौहार सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने हमेशा जनता की सेवा की है जनता से उन्हें अपार प्यार व सम्मान मिला है। जिसके वे कर्जदार हैं जब तक वे जीवित है लोगों की सेवा करते रहेंगे। होली मिलन समारोह में लोकगायक अनिरुद्ध मौर्या के गीतों पर लोग झूमते रहे उन्होंने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उन्होंने गाया फगुनवा में रंग बरसे, होली आई रे आई रे, खेलो होली मिलजुल के आदि गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी डुमरियागंज कुणाल, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज राणा महेंद्र प्रताप सिंह, कार्यक्रम आयोजक श्यामसुंदर अग्रहरि, राजेश द्विवेदी, कसीम पाल, अशोक अग्रहरि, प्रभावती देवी, सुनील पाठक, सूर्य , सुरेश श्रीवास्तव आदि की

अभय राम पांडे, मोनी पांडे, कैफी रिजवी,रामदेव अग्रहरि, शशि प्रकाश अग्रहरि, राम प्रकाश जयसवाल, प्रकाश श्रीवास्तव, रमेश पांडे, सोनू सिंह, प्रकाश सिंह, ज्ञान सिंह, नरेंद्र श्रीवास्तव, मोहन प्रताप सिंह उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन अमरनाथ सिंह उर्फ सोनू ने किया।

रतन सेन महाविद्यालय में होगा यूथ–20 मिशन प्रतियोगिताओं का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर व किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ में मार्च–अप्रैल 2023 में भारत सरकार के मिशन ळ–20 के अन्तर्गत प्रायोजित यूथ समिट का आयोजन किया जाना है जिसमें प्रत्येक जनपद से दो–दो युवाओं को विशेष प्रशिक्षण का अवसर प्रदान किया जाएगा। जनपद स्तर पर प्रतिभाशाली युवाओं के चयन हेतु रतन सेन महाविद्यालय को स्वास्थ्य एवं खेल संबंधी कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं के लिए नोडल केंद्र बनाया गया है। शिक्षक शिक्षा विभाग के असिस्टेन्ट प्रोफेसर डॉ. हंसराज कुशवाहा ने बताया कि महाविद्यालय में 14 मार्च 2023, दिन मंगलवार को खेल एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य अधीर कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रतियोगिताओं के उत्तम आयोजन एवं निष्पक्ष मूल्यांकन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जनपद से चयनित युवाओं को युवा कल्याण विभाग की तरफ से पुरस्कृत भी किया जाएगा।

थाना शिवनगर डीडई ने किया 04 व्यक्तियों को गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। अमित कुमार आनंद पुलिस अधीक्षक जनपजद

सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं सिद्धार्थ, (अपर पुलिस अधीक्षक), के निर्देशन, व देवी गुलाम क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्वेक्षण में राजेश कुमार शुक्ला थानाध्यक्ष थाना शिवनगर डिडई के कुशल नेतृत्व में संज्ञेय अपराध की रोकथाम व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना स्थानीय से 04 व्यक्ति को अन्तर्गत धारा 151 / 107 / 116 बतचब में गिरफ्तार कर चालान किया गया।

पूर्व ब्लाक प्रमुख बलराम मिश्रा को किया मनोनीत,किया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ग्राम बघमरवा निवासी भनवापुर ब्लॉक के पूर्व ब्लाक प्रमुख बलराम मिश्रा कोनेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया रजिस्टर नीति आयोग भारत सरकार ने बलराम मिश्रा को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है साथ ही उन्हें नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा उनके कार्यों को देखते हुए सम्मानित भी किया गया है लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री डॉ सतीश चंद्र द्विवेदी विशिष्ट अतिथि तथा एंटी करप्शन के चेयरमैन डॉ राजेश शुक्ला उपस्थित रहे बताते चलें कि बलराम मिश्रा एक लंबे समय से राजनीति में सक्रिय रहे हैं उनके कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए उन्हें भारत सरकार के नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है साथ ही नेशनल एंटी करप्शन द्वारा उन्हें सम्मानित

भी किया गया है जो क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है वर्तमान समय में बलराम मिश्रा भाजपा में काफी सक्रिय हैं ब्राह्मण समाज में उन्हें काफी अहमियत मिला है जिसके चलते भाजपा में उनका उत्तर भी भारी है इन सब चीजों को देखते हुए भारत सरकार के एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया नीति आयोग द्वारा उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है साथी नेशनल एंटी करप्शन द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया है इस बारे में बलराम मिश्रा ने बताया कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है उसमें वह खरा उतरने की पूरा कोशिश करेंगे उन्होंने कहा कि आज भाजपा का कोई जवाब नहीं है भाजपा सरकार में सभी लोग सुखी जीवन जी रहे हैं सब के साथ न्याय हो रहा है तो वही माफियाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है जिससे लोगों में काफी विश्वास पैदा हो रहा है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सबके साथ सबका विकास हो रहा है उन्होंने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी तथा एंटी करप्शन के चेयरमैन राजेश शुक्ला के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो सम्मान दिया गया है तथा जो दायित्व सौंपा गया है उस पर वह खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे बलराम मिश्रा को नया दायित्व मिलने पर लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

सूपाराजा को 22 रनों से पराजित कर जोगिया उदयपुर ने जीती ट्राफी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सूपा राजा में सूपा प्रीमियर लीग टूर्नामेंट के तत्वावधान में आयोजित टूर्नामेंट की चौम्पियन उदयपुर की टीम रही। रविवार को खेले गए फाइनल मैच में टीम ने सूपा को 22 रनों से पराजित करते हुए ट्राफी पर कब्जा जमा लिया।टास जीतकर सूपा की टीम ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करते हुए उदयपुर की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में चार विकेट खोकर 202 रनों का स्कोर खड़ा किया। सुधीर यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 76 रन कय्यूम ने 35 रन पंकज पांडेय ने 39 रन यदुवंशी दुर्गेश 'विराट' ने 43 रन विक्कू शुक्ला ने 6 रन नाबाद खेला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सूपा की टीम लक्ष्य से 22 रन पीछे रह गई। टीम ने निर्धारित ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर मात्र 180 रन ही बना सकी। सुमित सिंग ही थोड़ा संघर्ष कर सके, 30 रनों की पारी खेली। उदयपुर की ओर से सुधीर ने तीन विकेट लिए । सुधीर यादव को मैन आफ द मैच के लिए चुना। यादव कैटर्स जितेंद्र ने विजेता एवं उप विजेता टीम के कप्तान को ट्राफी देने के लिए खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया।

सम्पादकीय

राज व्यवस्था में भ्रष्टाचार

हमारे देश में अक्सर 60–70 प्रतिशत मतदान होता है, यानी चुनी गई, सरकार को 30 प्रतिशत जनता ने वोट नहीं दिया । जिन लोगों ने मतदान किया उनमें से भी बहुत से लोग विपक्षी अथवा स्वतंत्र उम्मीदवारों को वोट देते हैं । कोई भी 50त्न से आज तक नहीं जीता है । चुनाव जीतना ही सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है, इसलिए उम्मीदवार ...

भारतीय शासन व्यवस्था ऐसी बन गई है कि हम भ्रष्टाचार रहित जीवन की कल्पना भी नहीं कर पाते । जीवन के हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार है, रोजमर्रा के हर काम में भ्रष्टाचार हैं। लाइन तोडने से लेकर जीवन के हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार पसरा हुआ है। कई बार लगता है मानो भ्रष्टाचार कोई मुद्दा ही नहीं रहा। नेता भ्रष्ट हैं, अधिकारी भ्रष्ट हैं, व्यापारी भ्रष्ट हैं, जनता भ्रष्ट है। हमारी रग–रग में भ्रष्टाचार भर गया है। जब सभी भ्रष्ट हैं तो इसे जीवन का हिस्सा मानकर स्वीकार कर लिया गया है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर किसी भ्रष्ट सरकारी अधिकारी से लडना आ बैल मुझे मार जैसा है, अतरू हम लोग चुपचाप रिश्वत देकर काम करवाना ही ठीक समझते हैं, वरना यह लगभग पक्का है कि उस भ्रष्ट अधिकारी का कुछ बिगड़े या न बिगड़े, पर हमारा काम जरूर अटक जाएगा। भ्रष्टाचार की मकबूलियत इस हद तक की है कि आज से लगभग आधी सदी पहले भी जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने हमारा भारत महान का नारा दिया था तो समाज में प्रचलित चुटकुलों में 99 प्रतिशत बेईमान, फिर भी मेरा देश महान शामिल हो गया। हम लोग इन चुटकुलों को पढ़ते थे, हंसते थे और भुला देते थे। हमारा देश गरीब लोगों का अमीर देश है। यहां प्राकृतिक संसाधनों और खनिज पदार्थों की भरमार है, लेकिन लोग गरीब हैं, गरीबों और अमीरों के बीच की खाई उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही है। गरीबी से सताया हुआ व्यक्ति इतना विवश हो जाता है कि वह अक्सर अपना अपमान भी चुपचाप सह लेता है। इससे उसका आत्मविश्वास जाता रहता है और समाज में उसका योगदान घटने लगता है। भ्रष्टाचार पर काबू पाने के उपायों के संबंध में लोगों की राय अलग–अलग है। कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि पहले हमें बदलना होगा, तभी कोई सुधार संभव है। दूसरी ओर प्रशासनिक सुधारों से जुड़े रहे अनुभवी लोगों का मानना है कि भ्रष्टाचार पर काबू पाने का एक ही तरीका है कि सिस्टम में सुधार किया जाये । हमारे देश में महापुरुषों की कमी कभी नहीं रही, हम स्वभाव से आदर्शवादी हैं, फिर भी यदि समाज में नैतिक गिरावट बढ़ती जा रही है तो इसका कारण यही है कि भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए कोई मजबूत सिस्टम उपलब्ध नहीं है। इसका प्रमाण यह है कि विदेशों में बसे भारतीय सफल भी हैं। और नैतिक तथा सामाजिक रूप से जिम्मेदार भी। यदि सचमुच भारतीय होने के कारण हम बेईमान होते तो फिर विदेशों में बसे 7 भारतीय भी बेईमान ही होते। विभिन्न अध्ययनों से सिद्ध होता है 7 कि देश का सिस्टम कैसा भी हो, लगभग 10 प्रतिशत लोग ईमानदार होते ही हैं, और कुछ भी कर लें तो भी 10 प्रतिशत के लगभग लोग बेईमानी से बाज नहीं आते, जबकि 80 प्रतिशत लोग समाज की स्थितियों के अनुसार ढल जाते हैं। यदि सिस्टम मजबूत हो, बेईमानी पर तुरंत सजा होती हो, तो ये लोग बेईमानी की कोशिश नहीं करते, लेकिन यदि वे यह देखें कि बेईमानी करने वाला फल–फूल रहा है, उसे कोई सजा नहीं मिल रही, बल्कि वह जीवन का ज्यादा आनंद ले रहा है तो ये 80 प्रतिशत लोग भी बेईमानी पर उतर आते हैं। इसीलिए कहा जाता है कि भ्रष्टाचार पर रोकथाम के लिए सिस्टम को मजबूत बनाना आवश्यक है। हमारे समाज की अवनति का कारण ही यह है कि हमारे देश में सत्तारूढ़ लोगों ने अपने निहित स्वार्थों की खातिर सिस्टम को मजबूत बनाने के बजाय या तो सिस्टम बनाया ही। नहीं, या फिर जानबूझकर उनमें खामियां छोड़ दीं। हमारे देश की चुनाव प्रक्रिया ही ऐसी है जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है। हमारे देश में अक्सर 60–70 प्रतिशत मतदान होता है, यानी चुनी गई, सरकार को 30 प्रतिशत जनता ने वोट नहीं दिया । जिन लोगों ने मतदान किया उनमें से भी बहुत से लोग विपक्षी अथवा स्वतंत्र उम्मीदवारों को वोट देते हैं । कोई भी 50त्न से आज तक नहीं जीता है । चुनाव जीतना ही सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है, इसलिए उम्मीदवार जीत सुनिश्चित करने के लिये हर तरह के जायज और नाजायज तरीके अपनाते हैं । स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए शुरुआत हमें जड़ से करनी होगी ।

गुरु महिमा का माहात्म्य बतलाते हैं गोस्वामी तुलसीदास

गोस्वामी तुलसीदास के लिए गुरु सर्वोत्कृष्ट हैं। गुरु ही शिष्यों को सद्मार्ग सुझाते हैं। बालकांड में गोस्वामी जी लिखते हैं कि बंदउं गुरु पद कंज कृपा सिंधु नररूप हरि। महामोह तम पुंज जासु बचन रबि कर निकर।। अर्थात मैं उन गुरु महाराज के चरण कमल की वंदना करता हूं, जो कृपा के समुद्र और नर रूप में श्री हरि ही हैं और जिनके वचन महा मोह रूपी घने अंधकार के नाश करने के लिए सूर्य की किरणों के समूह ही हैं। गुरु के प्रति ऐसा समर्पण दुर्लभ है।आगे गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं कि बंदउं गुरु पद पदुम परागा। सुरुचि सुबास सरस अनुरागा। अमिअ मूरिमय चूरन चारू। समन सकल भव रूज परिवारू।। अर्थात मैं गुरु महाराज के चरण कमलों की रज की वंदना करता हूं, जो सुरुचि(सुंदर स्वाद) , सुगंध तथा अनुराग रूपी रस से पूर्ण है। वह अमर संजीवनी बूटी का सुंदर चूर्ण है, जो सम्पूर्ण भवरोगों के परिवार को नाश करने वाला है। इसका अभिप्राय यह है कि व्यक्ति को सभी प्रकार के सांसारिक विषय वासनाओं से मुक्ति प्रदान करने वाला है। पुनः गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं कि श्री गुरु पद नख मनि गन जोती। सुमिरत दिब्य दृष्टि हियं होती। दलन मोह तम सो सप्रकासू। बड़े भाग उर आवइ जासू।। अर्थात श्री गुरु महाराज के चरण के नखों की ज्योति मणियों के प्रकाश के समान है। जिसके स्मरण करते ही हृदय में दिव्य दृष्टि उत्पन्न हो जाती है। वह प्रकाश अज्ञान रूपी अंधकार का नाश करने वाला है। वह जिसके भी हृदय में आ जाता है, उसके बड़े भाग्य हैं। आप देखिए तो पाएंगे कि गोस्वामी जी के लिए गुरु की कितनी बड़ी महिमा है। ऐसा प्रतीत होता है कि वे कबीरदास के गुरु गोबिंद दोऊ खड़े, काके लागूं पांय। बलिहारी गुरु आपने , गोबिंद दियो बताय।। से दो कदम और आगे जाकर गुरु महिमा की वंदना में सन्नद्ध हैं।आज जब समाज में गुरु जन के प्रति नकारात्मकता का भाव भरा जा रहा है और गुरु भी शिष्यों के प्रति शिष्य वत्सल नहीं हैं ऐसे में महानायक तुलसीदास की पंक्तियों को पुनः पढ़कर आचरण में उतारना होगा। आकाशधर्मा गुरु नरहरि की तरह गुरुओं को भी बनना पड़ेगा ताकि तुलसीदास जी जैसे अलौकिक प्रतिभा से युक्त शिष्य का निर्माण कर सकें। गोस्वामी जी ने श्रीराम चरित मानस को चरित्र निर्माण की पाठशाला के रूप में संजोया है।

लेखक विनय कांत मिश्र / दैनिक बुद्ध का संदेश

कैलेंडर चला गया

सतीश कौशिक का मानना था कि थियेटर से उनकी कला को नया आयाम मिलता है, लेकिन जिंदगी की जरूरतें अलग होती हैं और इसलिए उन्हें व्यावसायिक फिल्मों में आना ही पड़ा। अपने पूरे जीवन में सतीश कौशिक ने हर सुख–दुख को हिम्मत के साथ अपनाया। दो साल के बेटे की असामयिक मौत, उसके कई साल बाद सरोगेसी से बेटी का जन्म, फिल्मों की सफलताएं, असफलताएं, सब कुछ...

फिल्म अभिनेता, निर्देशक सतीश कौशिक का असामयिक निधन फिल्म जगत के साथ–साथ उनके तमाम दर्शकों, प्रशंसकों के लिए बेहद दुखद खबर है। 66 बरस के सतीश कौशिक रूपहले पर्दे पर एक हास्य अभिनेता के तौर पर प्रतिष्ठित थे ही, वे असल जिंदगी में भी जिंदादिल इंसान माने जाते थे। हरियाणा के महेंद्रगढ़ में 13 अप्रैल, 1956 को जन्मे सतीश कौशिक की उच्च शिक्षा दिल्ली में हुई और कर्मभूमि मुंबई बनी।

दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज से स्नातक करने के बाद उन्होंने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में रंगमंच की दीक्षा ली और उसके बाद भारतीय फिल्म व टेलीविजन संस्थान से पर्दे पर अभिनय, निर्देशन, संवाद लेखन के गुर सीखे। मुंबई उनके लिए सपनों का शहर ही नहीं, सपनों को हकीकत में बदलने और जिंदगी की सीख देने वाला शहर था। मुंबई की इस दरियादिली के लिए उन्होंने ट्विटर पर लिखा था कि श्मैं पश्चिम एक्सप्रेस से 9 अगस्त 1979 में एक्टर बनने के लिए मुंबई आया था। 10 अगस्त को मेरी पहली सुबह मुंबई में ही थी। मुंबई ने मुझे खुश रहने के लिए काम, दोस्त, पत्नी, बच्चे, घर, प्यार, सुकून, संघर्ष, सफलता, विफलता और साहस दिया। सुप्रभात मुंबई और उन सभी का शुक्रिया जिन्होंने मुझे वो सब दिया जो मैंने सपने में भी नहीं सोचा था।श कई नामचीन कलाकारों की तरह सतीश कौशिक ने भी हुनर का धनी होने के बावजूद फिल्म इंडस्ट्री में काम और पहचान पाने के लिए कड़ा संघर्ष किया। आजीविका के लिए छोटे–मोटे काम किए। लेकिन उन्होंने अपने जीवन व्यवहार में तल्खी नहीं आने दी। उनका नाम लेते ही हंसता–मुस्कुराता चेहरा याद आता है और यही सहज मुस्कान उनकी अमिट पहचान बनी रही। अपनी मृत्यु से कुछ पहले वे अपने मित्र के साथ दिल्ली में होली मना रहे थे और इसी दौरान उन्होंने बेचैनी की शिकायत की। उन्हें नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले सतीश कौशिक दम तोड़ चुके थे। माना गया कि उनकी मौत हृदयाघात से हुई है। हालांकि डॉक्टरों ने इस पर संदेह किया, तो दिल्ली पुलिस ने उनके शव का पोस्ट मार्टम भी कराया, लेकिन उसमें कुछ भी संदेहास्पद नहीं मिला। इसलिए दिल के दौरे को ही फिलहाल मौत का कारण माना जा रहा है। कोरोना के बाद से अच्छे–खासे नजर आने वाले इंसानों की दिल के दौरे से मौत के मामले काफी बढ़ गए हैं। समाज में यह एक नए खतरे की तरह उभर गया है, जिसका निदान ढूंढना डॉक्टरों के लिए बड़ी चुनौती है। सतीश कौशिक की आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट पर होली मनाते हुए उनकी कुछ तस्वीरें हैं और एक पोस्ट भी, जिसमें उन्होंने बताया कि वे जावेद अख्तर के जुहू स्थित बंगले पर कुछ और फिल्म कलाकारों के साथ होली मना रहे हैं। यानी आखिरी वक्त तक सतीश कौशिक जीवन के रंगों का आनंद लेते रहे। लेकिन इन रंगों की अंतिम सच्चाई मौत का काला रंग है, जिससे कोई भी नहीं बच सकता। सतीश कौशिक के निध न पर उनके प्रशंसकों को कैलेंडर, पप्पू पेजर और मुत्तू स्वामी जैसे उनके किरदार बेसाख्ता याद आए, जो उन्होंने फिल्मों में निभाए हैं। मि.इंडिया फिल्म में अनिल कपूर, श्रीदेवी और अमरीश पुरी जैसे दिग्गज कलाकारों के होते हुए भी कैलेंडर की भूमिका निभाने वाले सतीश कौशिक का किरदार लोगों को हमेशा याद रहा। इसकी वजह केवल पात्र का नाम कैलेंडर होना ही नहीं है, उनका अभिनय भी इस तरह रहा कि वे सहनायक की तरह किनारे नहीं दिखे, अदाकारी की एक अलग लकीर उन्होंने खींच दी। यही पप्पू पेजर जैसे किरदार के साथ भी था, जिसमें सूचना क्रांति के दौर के आगाज का संकेत देता हुआ पेजर शब्द पप्पू नाम के साथ मिला दिया गया और सतीश कौशिक ने दीवाना मस्ताना फिल्म में अपने इस छोटे से किरदार को हमेशा के लिए यादगार बना दिया। सतीश कौशिक की पहचान हिन्दी फिल्मों में हास्य अभिनेता के तौर पर बनी, हालांकि वे खुद इस से इत्तेफाक नहीं रखते थे। उनका कहना था कि मैं जो भी किरदार करता हूं, वह एक अभिनेता के तौर पर ही करता हूं। वह किरदार कॉमेडी का हो सकता है लेकिन मैं कॉमेडियन नहीं हूं। वैसे सतीश कौशिक ने वेब सीरीज स्कैम 1992श में ब्लैक कोबरा यानी मनु मानिक के नकारात्मक किरदार को निभाया। फिल्म सूरमा में दिलजीत दोसांझ के पिता की भूमिका की, जो संजीदा थी। फिल्म जाने भी दो यारो में उन्होंने भूमिका निभाई, साथ ही इसके संवाद भी लिखे। इसके अलावा तेरे नाम, हम आपके दिल में रहते हैं और रूप की रानी, चोरों का राजा जैसी फिल्मों का निर्देशन भी किया। व्यावसायिक फिल्मों के अलावा सारा गैवरन की ब्रिटिश फिल्म ब्रिक लेन और अभय देओल के साथ रोड नाम की गैर व्यावसायिक फिल्में भी सतीश कौशिक ने की। लेकिन एक अभिनेता के तौर पर सतीश कौशिक मुकम्मल होते हैं, सेल्समैन रामलाल, नाम के नाटक से। सुप्रसिद्ध लेखक आर्थर मिलर के नाटक डेथ ऑफ ए सेल्समैन का यह नाटक हिंदी रूपातंरण है। इस नाटक में सतीश कौशिक ने ऐसा कमाल का अभिनय किया, कि चार साल तक इसके अनेक शो होते रहे। सतीश कौशिक का मानना था कि थियेटर से उनकी कला को नया आयाम मिलता है, लेकिन जिंदगी की जरूरतें अलग होती हैं और इसलिए उन्हें व्यावसायिक फिल्मों में आना ही पड़ा। अपने पूरे जीवन में सतीश कौशिक ने हर सुख–दुख को हिम्मत के साथ अपनाया। दो साल के बेटे की असामयिक मौत, उसके कई साल बाद सरोगेसी से बेटी का जन्म, फिल्मों की सफलताएं, असफलताएं, सब कुछ वे हंसते–मुस्कुराते अपनाते चले गए और इसी तरह जीवन का अंतिम सफर भी तय किया। इस साल के कैलेंडर का एक दिन कैलेंडर की याद को अमर कर गया।

तुर्किये की एडा इस्केंड्रम ने एक ट्वीट के रूप में आभार व्यक्त किया, जो सैनिक–चिकित्सकों के प्रति लोकप्रिय भावना को व्यक्त करती है, आप सभी हमारे नायक हैं। हम उन दिनों में एक–दूसरे को देखेंगे, जब हम रो नहीं रहे होंगे रव्यानि, खुशी के समय में,। मैं भारत आऊंगी, लेकिन हम आपको भविष्य में हटे में फिर से देखना चाहेंगे। हम आप लोगों से प्यार करते हैं। तुर्की के एक मेडिकल छात्र....

भारत का ऑपरेशन दोस्त दिल और मन, दोनों जीत रहा है

लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. सुब्रत साहा

रिक्टर पैमाने पर 7.8 और 7.5 की तीव्रता वाले दो बड़े भूकंपों ने दक्षिणी तुर्की और उत्तरी सीरिया को गंभीर रूप से प्रभावित किया। ऐसा प्रतीत होता है कि अरब टेक्टोनिक प्लेट, अनातोलियन प्लेट के साथ घर्षण करते हुए उत्तर की ओर बढ़ गई है। पहला भूकंप, 6 फरवरी को स्थानीय समय के अनुसार 04रू17 बजे (6रू47 पूर्वाह्न, आईएसटी) गजियांटेप शहर के पास आया। दूसरा भूकंप पहले भूकंप के तीव्र झटके से शुरू हुआ और यह 12 घंटे के बाद आया, जिसका केंद्र कहरामनमारस के एलबिस्तान जिले के उत्तर में स्थित था। भूकंपों ने हजारों लोगों की जान ले ली और बड़े पैमाने पर तबाही मचाई। कई दिनों के बाद भी पूरे क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए जाते रहे। भारत के मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) मिशन का कोड नाम, ऑपरेशन दोस्त (तुर्किये) था, जिसमें राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के खोज व बचाव दल और भारत की 50 इंडिपेंडेंट पैराशूट ब्रिगेड के 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल शामिल थे। 60 पैराशूट फील्ड (जिसे पहले एम्बुलेंस कहा जाता था) ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 1950–53 के कोरियाई युद्ध में बहुत ख्याति अर्जित की थी। भारत की अंतर्राष्ट्रीय संकट प्रबंधन संरचना ने बहुत तेजी से काम किया, क्योंकि भूकंप के कुछ घंटों के भीतर, सेना मुख्यालय से 60 पैरा फील्ड अस्पताल को 11 पूर्वाह्न आईएसटी तक मिशन के लिए तैयार होने के आदेश प्राप्त हुए। 60 पैरा फील्ड अस्पताल ने तत्परता से जवाब दिया – चिकित्सा विशेषज्ञ, सर्जिकल विशेषज्ञ, एनेस्थेटिस्ट, हड्डी रोग विशेषज्ञ, मैक्सिलोफेशियल सर्जन, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, चिकित्सा अधिकारी, पैरामेडिक्स और एनडीआरएफ टीमों के 99 कर्मियों सहित चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, दंत चिकित्सा और आपदा राहत उपकरणों को भारतीय वायु सेना द्वारा हिंडन एयरबेस से हवाई मार्ग से पहुंचाया गया। 8 फरवरी को तुर्किये पहुंचने के तीन घंटे के भीतर, हटे के इस्केंडरन में फील्ड अस्पताल स्थापित किया गया, जो तुर्किये में सबसे गंभीर रूप से प्रभावित प्रांतों में से एक था और एनडीआरएफ की टीमों ने गाजियांटेप में जमीनी स्तर पर बचाव व राहत अभियान शुरू किए। लोकप्रिय रूप से इंडिस्तानी सहारा हस्तनेसी कहे जाने वाले भारतीय फील्ड अस्पताल ने 12 दिनों की अवधि में 3604 घायलों का इलाज किया, आपातकालीन चिकित्सा देखभाल की, फ्रैक्चर ठीक किया, दंत चिकित्सा की तथा बड़े ऑपरेशन किए। 100 से अधिक घायलों को भर्ती किए जाने की आवश्यकता थी। चिकित्सा और शल्य चिकित्सा उपकरणों की त्वरित पुनरूपूर्ति के साथ, भारत से आ रहे आर्थोपेडिक उपकरणों के साथ गति को बनाए रखा गया। संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ–साथ देश के अशांत क्षेत्रों में जन–केंद्रित अभियानों का संचालन करने के भारतीय सेना के वर्षों के अनुभव ने निश्चित रूप से मदद की। संयुक्त राष्ट्र मिशन के हिस्से के रूप में, युद्धग्रस्त अंगोला, कांगो, रवांडा, दक्षिण सूडान और अन्य में भारतीय सेना के अभियान तथा उग्रवाद और आतंकवाद विरोध ी अभियानों के तहत अनिवार्य रूप से नागरिक केन्द्रित कार्रवाई की गई थी। तुर्किये में भाषा की बाधा को स्थानीय स्वयंसेवकों को राहत प्रयासों में शामिल करके दूर किया गया, जिनसे बातों की व्याख्या करने और रोगियों एवं फार्मेसियों के प्रबंधन में आसानी हुई। तुर्किये के लोगों ने आपदा राहत दलों को दिल छू लेने वाली विदाई दी। एक तुर्की स्वयंसेवक उल्स के परिवार का एक संदेश बहुत कुछ बयां करता है, आप 99 चिकित्साकर्मियों की टीम के रूप में पहुंचे थे, लेकिन जब आप भारत वापस जा रहे हैं, तो आपके पास पूरे तुर्किये का आशीर्वाद है। तुर्किये की एडा इस्केंड्रम ने एक ट्वीट के रूप में आभार व्यक्त किया, जो सैनिक–चिकित्सकों के प्रति लोकप्रिय भावना को व्यक्त करती है, आप सभी हमारे नायक हैं। हम उन दिनों में एक–दूसरे को देखेंगे, जब हम रो नहीं रहे होंगे ख्यानि, खुशी के समय में,। मैं भारत आऊंगी, लेकिन हम आपको भविष्य में हटे में फिर से देखना चाहेंगे। हम आप लोगों से प्यार करते हैं। तुर्की के एक मेडिकल छात्र ने सी17 से वापस भारत आने वाले एक चिकित्सा अधि ाकारी को विदाई संदेश भेजा, आपको याद रखना चाहिए कि आपका एक घर तुर्किये में भी है और आपका एक भाई भी है, जो आपकी मेजबानी करने के लिए आपकी प्रतीक्षा कर रहा है। यहां तक कि 60 पैरा फील्ड अस्पताल और एनडीआरएफ की टीमों ने क्षेत्र के लोगों का दिल और मन, दोनों जीत लिया। वैश्विक स्तर पर भी, भारत की मानवीय सहायता तीन बातों में अलग रहीय पहला, संकट की स्थिति में तेजी से निर्णय लेना और तेजी से कार्यान्वयनय दूसरा, हमारे सैन्य बलों की कठिनतम परिस्थितियों के लिए अनुकूल होने और पीडिघ्तों के साथ सहानुभूति रखने की सराहनीय क्षमता और तीसरा, मानवीय मूल्यों व सिद्धांतों को किसी भी अन्य विचार से ऊपर रखना। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने और मानवीय सहायता तथा आपदा राहत (एचएडीआर) में सबसे आगे रहने के लिए बहुपक्षवाद के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का एक और व्यावहारिक प्रदर्शन था – ऑपरेशन दोस्त। कोविड महामारी के दौरान भारत के प्रयास जगजाहिर हैंय इसने अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा राहत प्रदान कीय विदेशी नागरिकों के प्रत्यावर्तन की सुविधा दी और कई देशों को टीकों का निर्यात किया। भारत 2016 से बिम्सटेक देशों के बीच एचएडीआर में सहयोग के लिए सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है। सितंबर 2022 में, क्वाड समूह के चार देशों– भारत, यू.एस., ऑस्ट्रेलिया और जापान ने एचएडीआर साझेदारी के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। नवंबर 2022 में, भारत ने आगरा में एक बहु–राष्ट्रीय, बहु–एजेंसी एचएडीआर अभ्यास समन्वय 2022 की मेजबानी की, जिसमें आसियान देश शामिल थे। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा व्यक्त किए गए जी–20 मंत्र, एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की भावना के अनुरूप भारत दुनिया भर में आपदाओं के पीडिघ्तों के साथ मजबूती से खड़े होकर आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है।

आईपीएल के घरेलू मैदान पर शुभमन गिल ने जड़ा शतक, कहा– पता नहीं ऐसे विकेट पर दोबारा बल्लेबाजी का मौका कब मिलेगा

अहमदाबाद। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में घरेलू सरजमीं पर अपना पहला टेस्ट शतक जड़ने वाले युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि वह बोर्डर–गावस्कर ट्रॉफी की अब तक की बल्लेबाजी की सबसे अनुकूल पिच पर ढीले शॉट नहीं खेलने के लिए प्रतिबद्ध थे। गिल ने शनिवार को यहां खेल के तीसरे दिन 235 गेंद में 128 रन की पारी खेली। 'बीसीसीआई.टीवी' पर डाले गए वीडियो में गिल ने अपने साथी खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा को दिए साक्षात्कार में कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो मैं सोच रहा था कि मुझे नहीं पता कि मुझे इस तरह का विकेट दोबारा कब मिलेगा। मैं खराब शॉट खेलकर इस मौके को गंवाना नहीं चाहता था। यही मेरे दिमाग में चल रहा था।''

उन्होंने कहा, ''भारत में टेस्ट शतक बनाकर बहुत अच्छा लगता है। यह मेरा पहला शतक (स्वदेश में) है और इसे भारत में आईपीएल के अपने घरेलू मैदान पर बनाना शानदार है।'' गिल ने 2023 में स्वप्निल प्रदर्शन करते हुए सभी प्रारूप में में शतक बनाए हैं। उनका पहला टेस्ट शतक दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ चटगांव टेस्ट में आया था। तीसरे दिन के खेल के दौरान स्पिनरों को कुछ मदद मिल रही थी। गिल ने कहा कि उनकी रणनीति स्पिनरों के खिलाफ सतर्कता बरतने और इसकी भरपाई तेज गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामकता दिखाकर करने की थी। उन्होंने कहा, ''मैं स्पिनरों के खिलाफ खुद को रोक रहा था और मैं तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी ऐसा नहीं कर सकता था। आपको इसे संतुलित करना होगा और मैं यही करने की कोशिश कर रहा था।'' गिल ने कहा, ''मैं सकारात्मक होने की कोशिश कर रहा था और एक रन लेने तथा खराब गेंद पर रन बनाने का इंतजार कर रहा था।'' गिल और पुजारा की जोड़ी ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 113 रन जोड़े।

डब्ल्यूपीएल 2023: शेफाली ने गुजरात जाइंट्स के खिलाफ पिच को समीकरण से बाहर कर दिया: लेनिंग

मुंबई। शेफाली वर्मा की दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से लक्ष्य का पीछा करते हुए 28 गेंद में नाबाद 76 रन की तेजतर्रार पारी से उनकी प्रेरणादायी कप्तान मेग लेनिंग भी हैरान हैं। लेनिंग ने स्वीकार किया कि विस्फोटक बल्लेबाज शेफाली ने शनिवार को गुजरात जाइंट्स के खिलाफ जो पारी खेली उसकी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में किसी को उम्मीद नहीं होगी।

दिल्ली की मारिजेन कैप ने 15 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे गुजरात की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 105 रन ही बना सकी।

इसके बाद शेफाली ने 10 चौकों और पांच छक्कों से गुजरात की गेंदबाजी को ध्वस्त किया और लेनिंग (नाबाद 21) के साथ मिलकर टीम को 10 विकेट से जीत दिलाई। लेनिंग ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मैंने उम्मीद नहीं की थी कि शेफाली ऐसी पारी खेलेगी, मुझे नहीं लगता कि किसी और ने भी उम्मीद की होगी।'' उन्होंने कहा, ''वह अपने मजबूत पक्ष के अनुसार खेली और अपनी भूमिका निभाई। जब टी20 क्रिकेट में ऐसा होता है तो आपको बस इसके साथ जाना होता है।'' दिल्ली की कप्तान ने कहा कि पिच से शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिली।

उन्होंने कहा, ''पिच से नई गेंद की गेंदबाजों को मदद मिल रही थी। अगर आप गेंद सही लाइन और लेंथ से करते हैं जो हमने महसूस किया कि मदद मिल रही थी।'' लेनिंग ने कहा, ''लेकिन शेफाली ने विकेट को समीकरण से बाहर कर दिया, उसने खुद का समर्थन किया, अपने मजबूत पक्षों के अनुसार खेली, स्थिर रही और सीधे हिट किया। इन विकेटों पर अगर आप ऐसा करते हैं तो आप सफल होंगे। मुझे दूसरे छोर पर खड़े होकर उसे अपना काम करते देखना अच्छा लगता है।''

लेनिंग ने मारिजेन कैप की भी पांच विकेट चटकाने के लिए प्रशंसा की जिन्होंने दिल्ली की टीम की जीत का मंच तैयार किया। गुजरात जाइंट्स की मुख्य कोच रेशेल हेन्स ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने सोफिया डंकले को टीम में शामिल नहीं करके गलती की जिनकी 65 रन की पारी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ अंतर पैदा किया था। हेन्स ने कहा, ''मारिजेन एक बेहतरीन गेंदबाज हैं और मैं उनसे कुछ भी नहीं छीनना चाहती। एक ऐसी बल्लेबाज को बाहर करना जिसने पिछले मैच में प्रदर्शन किया था, मुझे यकीन नहीं है कि यह सही फैसला था।''

उन्होंने कहा, ''इस टूर्नामेंट में हमारे पास दो खिलाड़ी हैं जिन्होंने अर्धशतक बनाए और डंक (सोफिया डंकले) की पारी शायद सबसे अच्छी टी20 पारियों में से एक थी जिसे मैंने पिछले काफी समय में देखा है। हमें इस प्रतियोगिता में फॉर्म में चल रही खिलाड़ियों की जरूरत है, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सबसे अधिक गेंदों का सामना करें।

विराट कोहली में दिखी तेंदुलकर की झलक, 241 रन की ऐतिहासिक पारी की आई याद

अहमदाबाद। दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को संयम से खेली पारी में लगभग 40 महीने के सूखे को खत्म करते हुए अपना 28वां शतक पूरा किया। इस पारी में कोहली ने नाथन लियोन के खिलाफ एक रन लेकर 241 गेंद में अपना शतक पूरा किया और शतक बनाने तक सिर्फ पांच चौके लगाये। यह नवंबर 2019 के बाद उनका पहला टेस्ट शतक है।

उनके नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सभी प्रारूपों को मिलाकर अब 75 शतक हो गये हैं। शतक पूरा करने के बाद कोहली ने ना तो अपने अंदाज में उछलकर जश्न मनाया, ना ही सीने पर मुक्का जड़ा। शतक पूरा करने के बाद उनके चेहरे पर राहत का भाव दिखा। उन्होंने शतक पूरा करने के बाद बल्ले और हेलमेट को उठाकर दर्शकों का अभिवादन करने के बाद अपनी शादी की अंगूठी को चूमा, जिसे वह अपने गले की चौन में पहनते हैं।

इन 40 महीनों में कोहली का बल्ला रूठा रहा और उनका टेस्ट औसत 25 के करीब रहा। इस दौरान उनके आलोचकों और प्रशंसकों को ऐसी पारी का इंतजार था। महान खिलाड़ियों में बाधाओं को पार करने की क्षमता होती है और रविवार को कोहली ने एक चौंपियन के जुझारूपन का परिचय देते हुए बड़ी बाधा पार की। यह पिछले साल टी20 विश्व कप के दौरान मेलबर्न में पाकिस्तान के हारिस रऊफ के खिलाफ शानदार सीधे छक्का जड़ने वाले आत्मविश्वास से लबरेज कोहली नहीं थे। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के उलट वह किसी भी कीमत पर तीन अंकों के आंकड़े को छूना चाहते थे।

रविवार को कोहली की पारी में महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की सिडनी में खेली गयी दोहरी शतकीय पारी की झलक दिखी। तेंदुलकर ने इस पारी में ब्रेट ली की अगुवाई वाले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के खिलाफ 200 रन पूरा करने के बाद अपना चहेता कवर ड्राइव शॉट लगाया था। कोहली की यह पारी कई मायनों में तेंदुलकर की इस पारी की तरह दिखी। उन्होंने भी ऑफ स्टंप से बाहर की गेंदों को नहीं छेड़ा। तेज गेंदबाजों के लिए मुश्किल परिस्थितियों में भी उन्होंने मिचेल स्टार्क और कैमरून ग्रीन की ऑफ स्टंप की बाहर की गेंद को विकेटकीपर के लिए छोड़ दिया।

उन्होंने इस दौरान अपनी पारी का पांचवां चौका 89वीं गेंद पर लगाया जबकि छठा चौका उनकी पारी के 251 वीं गेंद पर आया। इस बीच 162 गेंद (27 ओवर) तक उन्होंने कोई चौका नहीं लगाया। चौथे दिन की शुरुआती सत्र में कोहली के बल्ले से एक भी चौका नहीं निकला। शतक लगाने के बोझ से छुटकारा पाने के बाद कोहली ने तेजी से खेलना शुरू किया और लगातार अंतराल पर गेंद को सीमा रेखा के पार भेजा। कोहली ने अपना पहला धाराप्रवाह कवर ड्राइव तब खेला जब वह 145 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने कैमरून ग्रीन की गेंद पर यह चौका लगाने के बाद शानदार ऑन ड्राइव पर लगातार दूसरा चौका जड़ 150 रन के आंकड़े को पार किया। कोहली ने इस दौरान अक्षर पटेल के साथ तेजी से दौड़कर रन चुराकर अपनी फिटनेस का परिचय भी दिया। मोटेरा मैदान कई शानदार उपलब्धियों का गवाह रहा है। इसी मैदान पर महान सुनील गावस्कर ने टेस्ट में 10,000 रन का आंकड़ा पार किया और कपिल देव ने अपना 432 वां विकेट लेकर तत्कालीन विश्व रिकॉर्ड कायम किया था। कोहली की यह पारी भी इस सूची का हिस्सा बनेगी।

एमेच्योर एशिया पैसिफिक चौम्पियनशिप: अवनी संयुक्त 24वें और निश्ना संयुक्त 35वें स्थान पर

सिंगापुर। भारतीय गोल्फर अवनी प्रशांत और निश्ना पटेल ने

रविवार को महिला एमेच्योर एशिया पैसिफिक चौम्पियनशिप (डब्ल्यूएएपी) के अंतिम दौर में तीन ओवर 75 के कार्ड खेले जिससे दोनों ने क्रमशरू संयुक्त 24वां और संयुक्त 35वां स्थान हासिल किया। क्वीन सिरिकिट कप की व्यक्तिगत चौम्पियन अवनी ने 73–71–74–75 के कार्ड से कुल 5 ओवर 289 का स्कोर हासिल किया। वहीं तीसरी बार डब्ल्यूएएपी में हिस्सा ले रहीं निश्ना 71–72–77–75 के कार्ड से सात ओवर 291 का कुल स्कोर बनाने के बाद संयुक्त 35वें स्थान पर रहीं। सिर्फ ये दोनों भारतीय गोल्फ ही कट हासिल कर सकी थीं। अनिका वर्मा, विध्ात्री उर्स, मन्नत बरार और लावण्य जादोन कट से चूक गयी थीं। कनाडा की एलिया गालिटस्काई ने अंतिम दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह खिताब जीतने में सफल रहीं।

इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में तीन फलस्तीनी बंदूकधारियों को मार गिराया

यरुशलम। इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में सैनिकों पर गोलीबारी करने वाले तीन फलस्तीनी बंदूकधारियों को रविवार को मार गिराया। सेना ने यह जानकारी दी। सेना ने कहा कि एक बंदूकधारी ने सेना के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने नबलस शहर के पास तीन लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। हालांकि, मंत्रालय ने तुरंत उनकी पहचान का खुलासा नहीं किया। रविवार की कार्रवाई के बाद इस वर्ष अब तक हिंसा में मारे गए फलस्तीनियों की संख्या 80 हो गई है। वहीं, इजराइल ने वेस्ट बैंक में छापेमारी तेज कर दी है। 2023 में फलस्तीनी हमलों में 14 लोगों की मौत हुई है। पिछले हफ्ते वेस्ट बैंक के जबा गांव पर इजराइली सेना के एक छापे के बाद हिंसा की यह ताजा घटना हुई, जहां तीन फलस्तीनी आतंकवादी मारे गए थे। इजराइल ने 1967 के युद्ध में वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी और पूर्वी यरुशलम पर कब्जा कर लिया था। वहीं, फलस्तीनी भविष्य के अपने स्वतंत्र देश के लिए इसे कब्जे में लेना चाहते हैं।

Arunachal Pradesh में कई उद्यमियों ने बांस के उत्पादों में रुचि दिखाई

ईटानगर। न्यापी डोनी के लिए मुर्गी और सुअर पालन व्यापार चुनना जोखिम भरा काम था। लेकिन उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प ने जोखिम को दूर करने का रास्ता बनाया और आज वह अरुणाचल प्रदेश में एक स्थापित बांस उद्यमी हैं। बांस उद्योग की क्षमताओं का अगर सही उपयोग किया जाए तो पूर्वोत्तर राज्य में इससे पैसा कमाया जा सकता है, क्योंकि राज्य में इस घास की 74 प्रजातियां हैं, जिसे 'हरा सोना' कहा जाता है। मुर्गी और सुअर पालन का व्यवसाय बंद करने के बाद 2019 में 'अरुणाचल बंबू' उद्योग शुरू करने वालीं डोनी अब फर्नीचल, घरेलू वस्तुओं और आभूषण समेत विभिन्न उत्पादों को बेचकर हर महीने 50,000 रुपये से ज्यादा कमाती हैं। देश में बांस की बढ़ती मांग को देखते हुए अरुणाचल प्रदेश में कई उद्यमियों ने बांस आधारित उद्योग में भारी रुचि दिखाई है क्योंकि इसमें कम निवेश से बनने वाले उत्पादों के अच्छे दाम मिल जाते हैं। बांस का भारी मात्रा में पौधारोपण करने वालीं डोनी ने कहा, "बांस उद्योग अन्य व्यवसायों की तुलना में अधिक आरामदायक और आकर्षक है क्योंकि स्वदेशी बांस

इकाइयां बंद करने के बाद नया के उत्पादों के प्रति लोगों में दीवानगी है।" उन्होंने दावा किया कि उनके यहां बनने वाले फर्नीचर और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की अत्यधिक मांग है। यहां पास में ही पोमा केन और बांस उद्योग चलाने वालीं एक अन्य महिला उद्यमी टेकी एना ने बताया कि उनका प्रयास देश के अन्य हिस्सों में राज्य के अनूठे बांस उत्पादों को लोकप्रिय बनाना है। एना हर महीने लगभग 80,000 रुपये कमाती हैं। हालांकि, बिक्री कभी–कभी दो लाख से अधिक हो जाती है। खासकर प्रदर्शनियों में स्टॉल लगाने पर आय बढ़ जाती है। अरुणाचल प्रदेश बंबू रिसोर्स एंड डेवलपमेंट एजेंसी (एपीबीआरडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गंगुवा मर्टेम ने बताया कि राज्य में बांस की 74 प्रजातियां हैं, जिनमें बम्बुसा टुल्डा, डेंड्रोकैलामस एस्पर, डेंड्रोकलामस हैमिल्टनिल, सेफलोस्टैचिस पेर्ग्सिल, थायरोस्टैचिस ओलिवेरी की मांग सबसे ज्यादा है।

Nepal में बस दुर्घटना में छह लोगों की मौत, 28 घायल

काठमांडू। नेपाल के सिंधुली जिले में रविवार को एक बस के पहाड़ी से टकरा जाने से उसमें सवार तीन महिलाओं सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए। समाचार पत्र 'द काठमांडू पोस्ट' की खबर के अनुसार ओखलढुंगा से काठमांडू जा रही बस मिड–हिल राजमार्ग के निकट फिक्कल ग्रामीण नगर पालिका–4 में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में 34 यात्री सवार थे। पुलिस ने बताया कि हादसे में तीन पुरुषों और तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक चिरंजीवी दाहाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, चालक द्वारा वाहन से नियंत्रण खो देने के बाद बस पहाड़ी से टकरा गई। उन्होंने बताया कि घायल यात्रियों को खुरकोट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक राज कुमार सिलवाल ने बताया कि गंभीर रूप से घायल यात्रियों में से पांच को इलाज के लिए हवाई मार्ग से काठमांडू ले जाया जाएगा। पुलिस ने बताया कि बस चालक फरार है।

सीरियाई सरकारी मीडिया का दावा, Israel ने Syria के एक पश्चिमी शहर पर मिसाइल दागीं

बेरूत। इजराइली प्रक्षेपास्त्रों ने रविवार को सीरिया के एक पश्चिमी शहर को निशाना बनाया, जिसमें तीन सीरियाई सैनिक

घायल हो गए। सीरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'सना' ने एक सैन्य सूत्र के हवाले से कहा कि मिसाइल हामा प्रांत के मसयफ में दागी गईं। सीरियाई वायु रक्षा बलों ने उनमें से कई मिसाइल को नष्ट कर दिया। अभी किसी की मौत नहीं हुई है। सना से मिली तस्वीरों के अनुसार, मिसाइल खेत में गिरी होगीं। इजराइल ने अभी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इजराइल कहता है कि वह ईरान समर्थित मिलिशिया खासतौर से लेबनान के आतंकवादी समूह हिज्बुल्ला को निशाना बनाता है। हिज्बुल्ला के लड़ाके सीरिया में तैनात हैं और वे सीरियाई राष्ट्रपति बशर असद की सरकार की सेना की ओर से लड़ रहे हैं।

चीन में हो रही कीड़ों की बारिश, गाड़ियों पर दिख रहा कीड़ों का कहर

आसमान से आमतौर पर बारिश होती है तो पानी गिरता है। कभी कभी आसमान से ओले तो कभी बिजली भी गिरती है। मगर इन दिनों चीन की राजधानी बीजिंग में भी बारिश हो रही है जिससे स्थानीय लोग काफी परेशान हो गए है। मगर ये बारिश कोई आम बारिश नहीं है। यहां आसमान से पानी नहीं बरस रहा है। दरअसल चीन की राजधानी बीजिंग में ऐसी बारिश हो रही है जिसे देखकर लोग अचंभित हो गए है। चीन में इन दिनों कीड़ों की बारिश हो रही है। चीन से एक वीडियो सामने आया है जिसमें साफ देखा जा रहा है कि आसमान से कीड़ों की बारिश हो रही है। इस तरह की अनोखी बारिश को देखकर लोग काफी हैरान है। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि बीजिंग में कीड़ों की बारिश हो रही है, जिसके बाद हर कोई हैरान है। इस बारिश से चीन के अलग अलग इलाके प्रभावित हुए है। जानकारी के मुताबिक सड़कों पर खड़ी गाड़ियों के ऊपर ढ़ेरों कीड़े पड़े हुए है। सड़कों पर भी कीड़ों के झुंड दिख रहे है। वहीं मौसम विभाग व स्थानीय प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों को घर से बाहर निकलने पर ऐहतियात बरतने और छाता लेकर निकलने की हिदायत दी है। ये भी कहा गया है कि बिना काम के घर से बाहर निकलने से परहेज करें। एक्सपर्ट्स का मानना है कि भीषण तूफान के साथ इस तरह के कीड़ों का गिरना काफी आम होता है। इससे पहले आसमान से कीड़ों की जगह मछलियां भी गिर चुकी है। लोगों का कहना है कि तेज हवाओं के कारण ही ये घटना सामने आई है। बता दें कि कई लोगों का कहना है कि ये कोई किड़े नहीं हैं बल्कि ये कुछ खास तरह के फूल हैं, जो कि हवाओं के साथ आकर गिर रहे है। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। चीन में गाड़ियों पर गिर रही ये अनोखी चीज कोई फूल है या कीड़े प्रभासाक्षी इसकी पुष्टि नहीं करता है।

सड़क हादसे में किशोर की मौत

रुद्रपुर। लापरवाही और रफ्तार ने एक बार फिर एक 15 साल के किशोर की जान ले ली। नगर के इमामबाड़ा चौराहे पर दोपहर आमने–सामने की टक्कर में एक बाइक सवार की घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। उसने हेलमेट नहीं लगाया था। दूसरे बाइक सवार को मामूली चोट आई है। नगर के लाला टोली वार्ड निवासी राजकुमार मद्धेशिया उर्फ बबलू जामुनी चौराहे पर चाय पकौड़ी की दुकान चलाते हैं। दोपहर करीब 1:00 बजे उनका बेटा शिवम बाइक लेकर घर से दुकान पर जा रहा था। बस स्टेशन से इमामबाड़ा चौराहे पर जाते समय अचानक एक बाइक सवार बगल साइड से आ गया, शिवम ने उससे बचते हुए निकलने का प्रयास किया, तभी सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार से टकरा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक की रफ्तार तेज थी। सड़क पर गिरते ही शिवम के सिर की खोपड़ी खुल गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। शिवम अपने माता–पिता की इकलौता लड़का था। इकलौते बेटे को खोकर मां रीता देवी और पिता राजकुमार बदहवास हो गए। मृतक की तीन बहनें आंचल, शालू और परी का रो–रोकर बुरा हाल था। वह डीएन इंटर कॉलेज में 10वीं का छात्र था। इस साल उसने गनियारी इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की परीक्षा दी थी।

नाबालिग को बाइक देकर मौत के मुंह में मत झोंकिएः रुद्रपुर। बाइक की टक्कर में किशोर की मौत ने पूरे शहर को झकझोर दिया। यह हादसा अपने नाबालिग बच्चों के हाथ में बाइक देने वालों के लिए सबक बन गया। बाइक मिलते ही किशोर तेज रफ्तार से चलाते हैं। ऐसे में उन्हें सड़क सुरक्षा और अपनी खुद की सुरक्षा की भी चिंता नहीं रहती है। इमामबाड़ा चौराहे पर हुई दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि लोग नाबालिग बच्चों को बाइक देकर उन्हें मौत के मुंह में झोंक दे रहे हैं।

नाबालिग को नहीं जारी होता डीएलः रुद्रपुर। नाबालिग को ड्राइविंग लाइसेंस नहीं जारी होता है। बिना डीएल और हेलमेट के बाइक चलाना अपराध है। ऐसे हादसों से बचने के लिए हर अभिभावकों को बिना डीएल बनवाए बच्चों को गाड़ी नहीं देनी चाहिए। बिना हेलमेट लगाए तो किसी भी आयु वर्ग के लोगों को गाड़ी नहीं चालानी चाहिए। ये कहना है उपसंभागीय परिवहन अधिकारी एके शुक्ला का। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को नाबालिग बच्चों को किसी भी स्थिति में बाइक या कार चलाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। ऐसा कर आप खुद उसका जीवन संकट में डालते हैं।

बिना हेलमेट के बाइक सवारों पर लगेगा भारी जुर्माना

रुद्रपुर। प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार वाजपेयी ने कहा कि नगर में तेज रफ्तार से बिना हेलमेट पहले बाइक चलाने वालों पर भारी जुर्माना लगेगा। हर चौराहे पर पुलिस की टीम तेज गाड़ी चलाने वालों और हेलमेट नहीं पहनने वालों पर एक से पांच हजार रुपये के बीच चालान करेगी। पुलिस ने घटना के बाद कई लोगों की गाड़ी चालन की।

समाज के लोग पहचान चुके हैं अपनी ताकत : मनोज

देवरिया। राष्ट्रीय सैंथवार मल्ल स्वाभिमान मोर्चा के बैनर तले महाराज अग्रसेन इंटर कॉलेज के प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई। वहीं, मोर्चा के गठन, कार्यों को भी साझा किया गया। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि सैंथवार मल्ल जाति का एक स्वर्णिम इतिहास रहा है। बीच में कुछ लोगों ने समाज के लोगों को गुमराह कर भटका दिया था। अब समाज के लोग जाग गए हैं और अपनी ताकत को पहचान चुके हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए समाज के युवाओं को शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय प्रताप मल्ल ने कहा कि सैंथवार मल्ल समाज को अन्य क्षेत्रों में अपनी सहभागिता जताते हुए राजनैतिक क्षेत्र में भी सशक्त बनना होगा। युवा जिला प्रभारी अजय सिंह ने कहा कि नशाखोरी जैसी सामाजिक विकृति से समाज के युवा दूर रहें। पूर्व ब्लॉक प्रमुख पहलवान सिंह ने कहा कि मोर्चा आरक्षण प्रमाणपत्र जारी करने की मांग को लेकर संकल्पित है। जिला प्रभारी दुर्गेश सिंह ने कहा कि मोर्चा से जुड़कर मजबूत बनें और मोर्चा को मजबूत बनाएं। संगठन मजबूत होने पर समाज में पूछ बढ़ेगी। कहा कि मोर्चा का ब्लड डोनर क्लब है। इसके माध्यम से किसी भी सजातीय को अचानक रक्त की आवश्यकता होती है तो उन्हें सहायता मिल सकती है। उन्होंने मोर्चा की ओर से चलाए जा रहे विवाह, जॉब्स ग्रुप की सार्थकता के बारे में बताया। इस दौरान अक्षयवर मल्ल, डॉ.धर्मदेव सिंह, नवीन सिंह, डॉ. सुनील मल्ल, विश्वजीत सिंह सैंथवार, प्रवीण प्रताप मल्ल, रविंद्र प्रताप मल्ल, राजेश प्रताप सिंह, रमेश मल्ल, शैलेंद्र मल्ल, गोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

समाधान दिवस में छाए रहे राजस्व के मामले

बरहज। माह के दूसरे स्थानीय सहित भलुअनी और मदनपुर थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सभी थानों में लगभग पूरे दिन राजस्व के मामले छाए रहे। कुल 23 मामलों में आठ का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बरहज में एएसपी राजेश सोनकर और नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह ने फरियाद सुनी। दिवस में फकईपुर की शोषा देवी नाली, खेरियां के गनेश ने पक्की दीवार के निर्माण को रोकने, बेलडॉड़ की तारा देवी और परसियां देवार के उमेश सहित आठ लोगों ने शिकायत की। इसमें राजस्व और पुलिस के एक–एक मामले का निस्तारण कर दिया गया। भलुअनी में एसडीएम गजेंद्र सिंह और सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने फरियाद सुनी। सात मामलों में चार का निस्तारण कर दिया गया। मदनपुर में एसडीएम रुद्रपुर ध्रुव शुक्ल और सीओ पंचम लाल ने फरियाद सुनी। इसमें आठ मामलों में दो का निस्तारण कर दिया गया। मौके पर इंस्पेक्टर कपिल देव चौधरी, भलुअनी एसएचओ बीबी राजभर, मदनपुर प्रभारी थाना निरीक्षक मुकेश मिश्र, सुनील कुमार, संतोष यादव, वीरेंद्र मौर्य, विजय मिश्र, प्रिया मौर्य, रेशू कुमारी, निशा चौहान आदि मौजूद रहे।

एस बी टी पब्लिक स्कूल का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हुआ संपन्न

यह विद्यालय सुदूर ग्रामीण क्षेत्र का वरदान हैः संरक्षक हेमन्त मिश्र

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौरी बाजार,देवरिया।गौरी बाजार क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में आधुनिक व संस्कार युक्त शिक्षा प्रदत्त करने को कृत संकल्पित एस बी टी पब्लिक स्कूल विशुनपुरा बखरा में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के संरक्षक हेमन्त मिश्र व विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के

चेयरमैन एम एन त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलन कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।तत्पश्चात छात्रों को उनकी विभिन्न क्षेत्रों (जैसे कक्षा में स्थान, उपस्थिति, अनुशासन इत्यादि) में उपलब्धियो के लिए अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्री हेमन्त मिश्र ने इस विद्यालय को इस ग्रामीण अंचल के लोगों के लिए एक वरदान कहा। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं व बधाईयां देते हुए कहा कि यह आपकी मंजिल नहीं बल्कि एक पड़ाव है। अभी आपको बहुत आगे जाना है और एस बी टी का नाम विश्व पटल पर स्थापित करना है।विद्यालय के चेयरमैन एम एन त्रिपाठी ने बच्चों को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं व बधाईयां देते हुए जीवन में अपना लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने आगे कहा कि सभी को सपने देखना चाहिए और उसे साकार करने हेतु सही प्रयत्न करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य दिवाकर पाण्डेय, उप प्रधानाचार्य एस पी बिंद, मुख्य समन्वयक अंबरीश त्रिपाठी, प्रशासक अबू दानिश व शिक्षकगण तथा सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का भरपूर सहयोग रहा।

ट्रॉमा सेंटर के लिए 6.17 करोड़ अवमुक्त, जल्द शुरू होगा निर्माण

देवरिया। मेडिकल कॉलेज परिसर में ट्रॉमा सेंटर निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इसकी लागत 24,68,63,000 (24 करोड़ 68 लाख 63 हजार) रुपये होगी। शासन ने धन स्वीकृत करते हुए प्रथम किस्त के रूप में 6.17 करोड़ रुपये अवमुक्त भी कर दिए हैं। 70 बेड के ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कार्य दो माह के अंदर शुरू होने की संभावना है। इसमें ट्रॉमा के अलावा बर्न व टॉक्सिकोलॉजी वार्ड भी होगा। इसके बन जाने से गंभीर मरीजों के इलाज में सहूलियत होगी। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में विभिन्न क्षेत्रों के अलावा बिहार प्रांत के लोग इलाज कराने आते हैं। गंभीर मरीजों के इलाज की सुविधा नहीं है। ऐसे में ट्रॉमा सेंटर की आवश्यकता है। इमरजेंसी में हर रोज औसतन 30 लोग दुर्घटना में घायल होकर पहुंचते हैं। इसमें गंभीर रूप से घायल करीब दस लोगों को रेफर करना पड़ता है। इतना ही नहीं, गोली लगने से घायल लोगों को तत्काल गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया जाता है। कारण यह कि फायर इंजरी में फंसी गोली निकालने की सुविधा यहां नहीं है। वहीं, सांस, ब्रेन हैमरेज सहित अन्य गंभीर रोगों के अलावा आग से झुलसे व प्वाइजनिंग के मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। इनके भी इलाज की व्यवस्था नहीं है। इसके मद्देनजर 70 बेड के ट्रॉमा सेंटर के लिए धन स्वीकृत हो गया है। इसमें तीस बेड का ट्रॉमा सेंटर, बीस बेड का बर्न वार्ड, बीस बेड का टॉक्सिकोलॉजी वार्ड होगा। इसके निर्माण की जिम्मेदारी उप्र राजकीय निर्माण निगम को दी गई है। वहीं, प्रथम किस्त की धनराशि अवमुक्त हो गई है। टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

1,393 वर्ग मीटर में होगा सेंटर

देवरिया। मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी के सामने ट्रॉमा सेंटर निर्माण के लिए भूमि चिह्नित की गई है। यहां 1393 वर्ग मीटर के एरिया में तीन मंजिला भवन बनेगा। इसमें भूमि तल के बाद प्रथम तल 1361 और द्वितीय तल 1172 वर्ग मीटर में होगा। यहां सोलर पॉवर जेनरेटर सिस्टम, स्ट्रीट लाइट, रेन कटर हार्वेस्टिंग, अंडर ग्राउंड सीवर की व्यवस्था होगी। घायल व अन्य गंभीर मरीजों, आग से झुलसे तथा प्वाइजनिंग के गंभीर मरीजों को इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्हें महानगरों व निजी अस्पताल का सहारा नहीं लेना पड़ेगा।

ये होंगी सुविधाएंः देवरिया। मेडिकल कॉलेज में स्थापित होने वाला ट्रॉमा सेंटर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसमें 70 बेड होंगे। इसमें 30 बेड का ट्रॉमा तथा बर्न व टॉक्सिकोलॉजी वार्ड 20–20 बेड का होगा। यहां मॉड्यूलर ओटी, माइनर ओटी, मेडिकल पाइपलाइन, ऑक्सीजन, वेंटीलेटर, इंफ्यूजन पंप, मॉनीटर, सेंट्रल ऑक्सीजन, इंफ्यूजन पंप सहित अन्य अत्याधुनिक उपकरण तथा प्लास्टर रूप भी होगा। इसके अलावा 24 घंटे एक्स–रे, अल्ट्रासाउंड, ईसीजी, सीटी स्कैन जांच भी होगी। बर्न वार्ड पूरी तरह एसी बनेगा। यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा ट्रेंड पैरा मेडिकल व स्टाफ नर्स रहेंगी।

भाजपा बर्डपुर मंडल में सुना गया राष्ट्रपति का अभिभाषण पत्र

सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।

दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर। भारतीय जनता पार्टी बर्डपुर मंडल के शक्ति केंद्र बर्डपुर न09

में रविवार को नगर के आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय परिसर में मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय की अध्यक्ष में महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के अभिभाषण को कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। कार्यक्रम में सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल ने सभी को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाया तथा महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण को धन्यवाद प्रस्ताव भी दिया। उन्होंने कहा की राष्ट्रपति के अभिभाषण में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार की सबका साथ सबका विकास, अंत्योदय की परिकल्पना, सशक्त एवं मजबूत राष्ट्र, तथा विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर भारत, उद्दीयमन भारत सहित देश हित में उठाए जा रहे महत्वपूर्ण कदमों को पूर्ण रूपेण दर्शाती है। इस दौरान मंडल प्रभारी सिद्धार्थ पाठक, मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय, शक्ति केंद्र संयोजक विवेक गोस्वामी, शक्ति केंद्र प्रभारी प्रभारी अरविंद उपाध्याय, अजय उपाध्याय, अमित उपाध्याय, फूलचंद जयसवाल, ओमप्रकाश यादव, सुरेंद्र यादव, विनय राव, रामवृक्ष, बृजेश सिंह, लालमन,धर्मेंद्र कुमार, सुनील कुमार जयसवाल, अवधेश मोदनवाल, सुनील गुप्ता, चंद्रप्रकाश धर द्विवेदी, संतोष उपाध्याय , विजय चौरसिया, मोहन चौधरी ,मंगलेश शुक्ला, किशोरी लाल जयसवाल, विनय कुमार वर्मा, कृष्ण कुमार शुक्ला, विजय मोदनवाल, राकेश मिश्रा, राकेश कन्नौजिया, अरुण जयसवाल , अर्जुन शर्मा, रामबिलास मौर्य, जेपी मौर्य ,कमरुद्दीन, अफजल हुसैन, रामनरेश पाल, कलीम अंसारी, विनय मिश्रा, गणेश कुमार, कमलेश विश्वकर्मा, विजय जयसवाल, रुद्र यादव, दीन दयाल चौधरी, सतीश जयसवाल, श्रवण दुबे, रामकेवल गुप्ता,अनिरुद्ध विश्वकर्मा, परशुराम साहनी, राजेंद्र पाण्डेय, आदि उपस्थित रहे।

बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर भाजपा बर्डपुर मंडल की कार्यशाला का आयोजन

मंडल प्रभारी से डाक पाठक ने बूथ की टीम को सशक्त बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं का किया आह्वान

दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर। बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी बर्डपुर मंडल की कार्यशाला का आयोजन रविवार को मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसके मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी सिद्धार्थ पाठक रहे। कार्यशाला में अल्पकालीन विस्तारक, शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल पदाधिकारी आदि ने प्रतिभाग किया। मंडल कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय ने बूथ सशक्तिकरण अभियान एवं संगठन के आगामी अभियान एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी सिद्धार्थ पाठक ने कहा की भारतीय जनता पार्टी के संगठन की रीढ़ उसका बूथ है ,और उसके बूथ की टीम है तथा बूथ के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के बल पर ही आज भारतीय जनता पार्टी केंद्र व प्रदेश में दूसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर देश व प्रदेश के विकास की गति को एक नया आयाम दे रही है । उन्होंने कहा कि सभी अल्पकालिक विस्तारक अपने निर्धारित शक्ति केंद्रों पर शक्ति केंद्र संयोजक व बूथ अध्यक्ष की सहायता से प्रत्येक बूथों का सही प्रकार से गठन करावे तथा बूथ की टीम को संगठन के सरल एप के माध्यम से अपडेट करते हुए बूथ के गठन का काम निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करावे। उन्होंने कहा कि जब हमारे बूथ की टीम मजबूत होगी तभी हमारा संगठनात्मक ढांचा मजबूत होगा और हम आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार पुनः यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री के रूप में विराजमान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास की महत्वाकांक्षी विचारधारा के साथ देश के प्रत्येक अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उठान को लेकर निरंतर कार्य हो रहे हैं तो वही आज हमारा देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है । कार्यक्रम के दौरान जिला मंत्री अजय उपाध्याय ने सभी बूथों पर मतदाता सूची के हिसाब से पन्ना प्रमुख तथा पन्ना समिति तय करने को लेकर कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। कार्यशाला में अरविंद उपाध्याय, अमित उपाध्याय, फूलचंद जयसवाल, ओमप्रकाश यादव, श्याम प्रकाश जयसवाल, सुरेंद्र यादव, अविनाश शुक्ला, विवेक गोस्वामी, चंद्रप्रकाश धर द्विवेदी, संतोष उपाध्याय, अरविंद तिवारी , विजय चौरसिया, मोहन चौधरी, मंगलेश शुक्ला, किशोरी लाल जयसवाल, पवन पाठक , रामनिवास विश्वकर्मा, बेचन कुमार, मोहन चौधरी, विनय कुमार वर्मा, कृष्ण कुमार शुक्ला, विजय मोदनवाल, रामबिलास मौर्य, जेपी मौर्य ,कमरुद्दीन, अफजल हुसैन, रामनरेश पाल, कलीम अंसारी, विनय मिश्रा, गणेश कुमार, कमलेश विश्वकर्मा, विजय जयसवाल, रुद्र यादव, दीन दयाल चौधरी, सुनील कुमार, सतीश जयसवाल, श्रवण दुबे, रामकेवल गुप्ता,अनिरुद्ध विश्वकर्मा, परशुराम साहनी, राजेंद्र पाण्डेय, आदि उपस्थित रहे।

बेरहम बेटे ने पिता की हत्या कर किया टुकड़े टुकड़े बैग में भरकर फेंका, गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। शहर के तिवारीपुर इलाके में शनिवार रात संपत्ति के लालच में बेटे ने पिता मधुर मुरली गुप्ता (62) की गला काटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने शव के टुकड़े कर सूटकेस में भरकर गली में छिपा दिया। आरोपी के भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के टुकड़े बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर हत्यारोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, तिवारीपुर इलाके के सूरजकुंड आवास विकास कॉलोनी में मधुर मुरली गुप्ता परिवार के साथ रहते थे। इन दिनों संपत्ति को लेकर उनके बेटों में विवाद चल रहा है। बताया जा रहा है इसी विवाद में बेटे प्रिंस कुमार गुप्ता और संतोष ने पिता को अकेला पाकर सिलबट्टे से सिर पर हमला कर दिया जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद धार और सिर को अलग कर कई टुकड़ों में काट दिया।फिर भाई के कमरे से सूटकेस लाया और उस सूटकेस में शव के टुकड़ों को रखकर घर के पीछे वाली गली में छिपा दिया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। संपत्ति के लालच में वारदात की बात सामने आई है।

फर्जी मुकदमे से तंग आकर युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

कुशीनगर। जनपद के कसया थाना क्षेत्र के सबया गांव में शुक्रवार की शाम कई मुकदमे दर्ज होने से परेशान युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने इलाज करने के बाद युवक को घर भेज दिया। जानकारी के अनुसार सबया गांव निवासी उमर फारुख उर्फ छोटे ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करके बताया है कि कसया थाने में एक माह के भीतर उनके खिलाफ तीन फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया है। एक मामला शिवपुर बुजुर्ग का है। जिसमें उसका नाम जबरन शामिल किया गया है। पीड़ित का आरोप है कि शिवपुर बुजुर्ग निवासी शरब आलम जो कि हिस्ट्रीशीटर है। उसके तहरीर पर पुलिस बिना जांच कराये मेरे खिलाफ लगातार फर्जी मुकदमा दर्ज कर रही है। बताया जाता है कि वीडियो वायरल करने के बाद उमर फारुख ने जहर खा लिया और खुद को जलाने के लिए अपने शरीर पर पेट्रोल भी छिड़क लिया। इस दौरान उमर की हालत बिगड़ने पर किसी ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उमर फारुक को जिला अस्पताल ले गई जहां रातभर उसका उपचार हुआ है। सामान्य स्थिति मे लौटने के बाद चिकित्सक ने उसे घर भेज दिया। इस संबंध मे प्रभारी एसओ विनय सिंह ने बताया कि युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहा डॉक्टर ने उपचार किया अब वह पूरी तरह से ठीक है।

एक्शन एड एसोसियशन ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विकास खंड नगवा के सुदूर पहाड़ी इलाका अति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों , आदिवासी गांव सुअर सोत के राम लीला मैदान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया इस मौके संस्था एक्शन एड एचआरडी कमलेश कुमार ने बताया की आज महिलाओं को सशक्त होने की जरूरत है यदि महिलाएं जागरूक हो जाए तो निश्चित रूप से उनके घर , परिवार, क्षेत्र आदि का विकाश होगा और महिला पुरुष में जो असमानता है वह समाप्त हो जायेगी साथ ही साथ संविधान की उद्देशिका के बारे में जानकारी दी गई। सुअर सोत चौकी प्रभारी श्री धर्मेंद्र यादव ने बताए की महिला सुरक्षा और संरक्षण के लिए सरकारी हेल्प लाइन नंबर की व्यवस्था है। जिसका आप लोग सदउपयोग करे। यक्ष नगवा लालता प्रसाद

और महिलाओ की सुरक्षा और संरक्षण के लिए हम सभी तैयार है तथा आप सभी महिला जागरूक हो और अपने हक अधिकार को समझे , और सशक्त बने । ग्राम पंचायत सुअर सोत के ग्राम प्रधान व प्रधान संघ अध्यक्ष नगवा लालता प्रसाद यादव ने बताया कि भारतीय इतिहास में महिलाओं का काफी योगदान रहा है जैसे रानी लक्ष्मी बाई, सावित्री बाई फुले , फातिमा शेख,हजरत महल,आदि का बड़ा ही सराहनीय कार्य रहा है आज सभी को महिलाओ को उनके बताए गए रास्ते पर चलने की जरूरत है राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय सुअर सोत के प्रधानाचार्या मती रामेश्वरी ने बताया की आप सभी महिलाओ का विकास तभी होगा जब आप अपने बालिकाओं को स्कूल की मुख्य धारा से जोड़ेगी। इसी कड़ी में क्षेत्र पंचायत सदस्य सुअर सोत की बसंती देवी खरवार ने बताया की हम सभी महिलाओ का विकाश तभी हो सकता है जब हम शराब बंदी करे । क्योंकि शराब पीकर पुरुष महिलाओ को बहुत ही प्रताड़ित करते है ।अयोध्या प्रसाद ने बताया की हर समाज में महिलाओं को एक साथ लाने की जरूरत है क्योंकि संवैधानिक मूल्यों जैसे समता, स्वतंत्रता, न्याय, बंधुता समाज में कायम रहे यही हम सभी का संकल्प है। इसी क्रम में राजेश्वर श्रम विभाग की योजनाएं पर विस्तृत जानकारी साझा कर महिलाओ को सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ने पर समझ पैदा किया , इसलाम ने भी महिलाओ को आगे बढ़ाने और इतिहास में महिलाओं द्वारा किया गए प्रयासों को साझा किए ।इसी क्रम में नौगढ़ से रामकृतने भी महिलाओ को संगठित होने के लिए संकल्पित कराया। और ग्राम पंचायत सुअर सोत के कोटेदार धर्मेंद्र व पंचायत मित्र बालेश्वर प्रजापति ने भी पचायत स्तर पर महिलाओ की समस्याओं का निदान करने के लिए हम सभी को एकजुट होने की जरूरत है और हम सभी आप महिलाओ के साथ है इस मौके पर वैलेंटायर्स तवाहिद और माया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

नवरात्रि ? जानिए– तिथि, पूजा विधि और कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त पंडित वशिष्ट राम शास्त्री

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज गोंडा। चौत्र नवरात्रि 2023: इस बार चौत्र नवरात्रि का त्योहार 22 मार्च, बुधवार से शुरू होगा. हिंदू पंचांग के अनुसार, चौत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को चौत्र नवरात्रि का त्योहार मनाया जाएगा. इस दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि–विधान के साथ पूजा की जाती है. जो भक्त पूरी श्रद्धा से मां दुर्गा की पूजा करता है उसे माता का खास आशीर्वाद प्राप्त होता है। चौत्र नवरात्र

इस साल 22 मार्च 2023 से शुरू है साल भर में 4 बार नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है, जिसमें चौत्र और शारदीय नवरात्रि है और दो गुप्त नवरात्रि है. हिंदू पंचांग के अनुसार, चौत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को चौत्र नवरात्रि का त्योहार मनाया जाएगा. इस दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि–विधान के साथ पूजा की जाती है. इस बार चौत्र नवरात्रि का त्योहार 22 मार्च, बुधवार से शुरू होगा और इसका समापन 30 मार्च को होगा. नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना की जाती है. मान्यता है कि नवरात्रि में माता का पाठ करने से देवी भगवती की खास कृपा होती है. मां दुर्गा को सुख, समृद्धि और धान की देवी माना जाता है. जो भक्त पूरी श्रद्धा से मां दुर्गा की पूजा करता है उसे माता का खास आशीर्वाद प्राप्त होता है। चौत्र नवरात्रि शुभ मुहूर्त (चौत्र नवरात्र 2023 शुभ मुहूर्त ,चौत्र नवरात्रि बुधवार, 22 मार्च 2023 को चौत्र नवरात्रि घटस्थापना का मुहूर्त – सुबह 06 बजकर 23 मिनट से लेकर सुबह 07 बजकर 32 मिनट तक (अवधि 01 घंटा 09 मिनट) प्रतिपदा तिथि प्रारंभ – मार्च 21, 2023 को रात 10 बजकर 52 मिनट से शुरू,प्रतिपदा तिथि समाप्त – मार्च 22, 2023 को रात 08 बजकर 20 मिनट पर समाप्त।

लखनऊ हॉस्पिटल एंड मेटरनिटी सेंटर का उद्घाटन ब्लश्क प्रमुख प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया

दैनिक बुद्धा का संदेश

गोंडा। गौरा चौकी सादुल्लानगर रोड पर लखनऊ हॉस्पिटल एंड मेटरनिटी सेंटर का भव्य उदघाटन मुख्य अतिथि विकासखंड बभनजोत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मेटरनिटी सेंटर के व्यवस्थापक डॉक्टर शमसुद्दीन ने बताया कि इस अस्पताल में रियायती दरों पर सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज किया जाएगा। महिला मरीजों के लिए विशेष सुविधा का ध्यान रखते क्षेत्रीय स्तर पर बेहतर तरीके से इलाज की व्यवस्था की गई है। लखनऊ हॉस्पिटल एंड मेटरनिटी सेंटर की डॉक्टर सूफिया ने बताया कि यहां पर महिलाओं से संबंधित बीमारी का संपूर्ण इलाज किया जाएगा जिसमें सिस्ट का इलाज एवं ऑपरेशन , फैमिली प्लानिंग , बांझपन, गर्भवती महिलाओं की नार्मल डिलीवरी ऑपरेशन से डिलीवरी तथा इमरजेंसी के लिए एंबुलेंस सेवा उपलब्ध रहेगी स डॉक्टर सूफिया ने आगे कहा कि मरीजों के लिए वो सभी मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराना चाहती हैं जिसके लिए लोग बाहर जाकर इलाज कराते थे। वह सारी सुविधाएं मरीजों को अब गौरा चौकी मे लखनऊ मेटरनिटी सेंटर पर देने की कोशिश की जाएगी। इस मौके पर मास्टर मोहम्मद सोहेल, मनीष कुमार ओझा , अजमत कुरेशी , डॉक्टर अजमल साहब, मोहम्मद इरफान कुरैशी, मोहम्मद अरशद, डॉक्टर आमिर, डॉक्टर तबरेज प्रिंसिपल रियाजुद्दीन सहित कई लोग उपस्थित रहे स मेटरनिटी सेंटर के व्यवस्थापक डॉक्टर शमसुद्दीन ने उद्घाटन के मौके पर बताया कि हम पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ इस अस्पताल को चलाएंगे।

उपचारात्मक प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण पत्र प्राप्त किया

बृजभूषण तिवारी / दैनिक बुद्ध का संदेश

ब्यूरो गोंडा। उत्तर प्रदेश के मनकापुर सोनबरसा आज्ञाराम कमपोजिट विद्यालय के शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया को उपचारात्मक प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण पत्र डाइट के वरिष्ठ प्रवक्ता श्री ज्ञान बहादुर सर, प्रशिक्षक शिव जी, नरेंद्र कौशल जी व अनुराग सर के हाथों प्राप्त करते हुए। हिन्द विषय से संबंधित उच्च प्राथमिक स्तरीय बच्चों हेतु जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दर्जी कुंआ गोण्डा में मे आयोजित उपचारात्मक प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस के अवसर पर अपने समूह को मिले प्रकरण का अपने ब्लाक मनकापुर के शिक्षक साथियों सर्वश्री चिंतामणि सर,नजर मोहम्मद सर, ओमप्रकाश सर व सुरजीत मौर्य सर के साथ मैं स्वयं बलजीत सिंह कनौजिया अपने समूह का प्रस्तुतिकरण करते हुए। इस प्रशिक्षण में तीन ब्लाकों के लगभग सौ शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

पशुपालन विभाग ने किया जनपद स्तरीय जागरूकता गोष्ठीधशिविर का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख विभागों में से एक पशुपालन विभाग सिद्धार्थनगर ने विभागीय योजनाओं,पशुओं के रखरखाव,उनके पालन पोषण से संबंधित जनपद स्तरीय जागरूकता गोष्ठीधशिविर का आयोजन विकासखंड नौगढ़ के रामपुर ग्राम सभा में किया गया। जनपद स्तरीय जागरूकता शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में मा लोकसभा सांसद डुमरियागंज श्री जगदंबिका पाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश मिश्रा,मंडल अध्यक्ष नौगढ़ शैलेंद्र वर्मा, मंत्री विजय यादव सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रामपुर अवशेष चौरसिया तथा संचालन पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति ने किया। जनपद स्तरीय जागरूकता शिविर का उद्घाटन मा सांसद जी द्वारा फीता काटकर एवं गौ पूजन करके किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी नौगढ़ डॉक्टर आर बी यादव ने मा सांसद जी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया साथ ही साथ अन्य अतिथि गणों को डॉ जावेद अहमद,डॉ प्रभाकर विक्रम सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। जनपद स्तरीय गोष्ठी को संबोधित करते हुए मा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पशुपालन के क्षेत्र में अद्वितीय कार्य कर रही है। माननीय मुख्यमंत्री जी जिस प्रकार से गौ संरक्षण को लेकर गंभीर हैं हम सभी लोगों को भी गौ संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए एवं पशुपालन विभाग की वर्तमान में चल रही योजनाओं जैसे केसीसी पशुपालन योजना,सहभागिता योजना, गौशाला सुपुर्दगी योजना,पशु बीमा योजना,कृत्रिम गर्भाधान योजना,बकरी पालन योजना, कुक्कुट पालन इत्यादि का लाभ सभी पशुपालकों को विभाग से संपर्क करके अधिक से अधिक उठाना चाहिए। वर्तमान में चल रही अधिकांश पशुओं में गंभीर समस्या बांझपन से बचाने के लिए पशु चिकित्सालय जाकर पशु चिकित्सा अधिकारी से उचित सलाह लेकर इलाज कराना चाहिए तथा अपने पशुओं को समय–समय पर कीड़े की दवा, हरा चारा, पौष्टिक आहार इत्यादि देते रहना चाहिए। जिससे हमारा देश दुग्ध विकास के क्षेत्र में नंबर वन बना रहे। कार्यक्रम के अंत में मा सांसद जी द्वारा रजिस्ट्रेशन किए हुए पशुपालकों में निशुल्क दवा वितरित की गई ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नौगढ़ राजेश मिश्रा ने कहा कि पशुपालन विभाग की योजनाएं धरातल पर पहुंचाने के लिए पशुपालन विभाग सदैव तत्पर रहता है, हम सभी को मिलकर इन योजनाओं को सफल बनाना चाहिए। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा,मंत्री विजय यादव एवं खेसरहा से चलकर आए मंडल प्रभारी केशभान राय ने भी संबोधित किया। गोष्ठी के प्रारंभ में सभी पशुपालकों का रजिस्ट्रेशन किया गया तथा आखिरी में सभी पशुपालकों को निशुल्क दवा वितरण की गई। जनपद स्तरीय जागरूकता गोष्ठी में 680 पशुओं के लिए निशुल्क दवा वितरित की गई। जागरूकता गोष्ठी में जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी, जिला संयोजक अजय गुप्ता, महेंद्र सिंह,शैलेंद्र सिंह, मुरारी सिंह,सोमई मौर्य, प्रधान रोहूडीला दूधनाथ यादव, प्रधान रामगढ़ नसीर अहमद, चंद्रजीत,पप्पू राव,अशोक कुमार सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

फर्जी दस्तावेजों से जमीन हड़पने के मामले एक और गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटियाथोक,गोण्डा। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा अपराधा एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षों को दिये थे ।उक्त निर्देश के क्रम में थाना इटियाथोक पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0– 34 / 2023 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504, 506 भा0द0वि0 से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त धरनीधर मिश्रा

पुत्र भोलानाथ निवासी भवानीपुर उपाध्याय थाना इटियाथोक को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने वादी की जमीन को कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर फर्जी तरीके से जमीन को कब्जा कर लिये थे। जिसके सम्बन्ध में वादी थाना इटियाथोक गोण्डा में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

भरूहा में पारदेश्वर महादेव मंदिर की रखी गयी आधार शिला, हुआ भूमि पूजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा / सोनभद्र। करमा ब्लाक के ग्राम भरूहा में 108 फीट उची हनुमान उची प्रतिमा की आधार शिला रबिवार दोपहर में रखी गयी भूमि पूजन जिला उपाध्यक्ष भाजपा ओम प्रकाश दूबे, व प्रमुख प्रतिनिधि राम अधार कोल के द्वारा बिधि बिधान पूर्वक किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बम बम बाबा लहरी, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, रबिन्द्र बहादुर सिंह,क्षेत्र पंचायत सदस्य करमा रामसजीवन तिवारी अनिल त्रिपाठी, सूर्य भान त्रिपाठी, चन्द्रभान त्रिपाठी, बिजय शंकर , राम सिंह, अशोक नाथ त्रिपाठी, रत्नेश नाथ त्रिपाठी, बिमलेश त्रिपाठी सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

जिलाधिकारी	मो0:– 9454417530
मुख्य विकास अधिकारी	मो0:– 9454464749
एस डीएम नौगढ़	मो0:– 9454415936
एस डीएम बांसी	मो0:– 9454415937
एस डीएम डुमरियागंज	मो0:– 9454415939
एस डीएम इटवा	मो0:– 9454415939
एस डीएम शोहरतगढ़	मो0:– 9454415940
पुलिस अधीक्षक	मो0:– 9454400305
थाना मोहाना	मो0:– 9454404239
थाना जोगिया उदयपुर	मो0:– 9454404235
थाना गोलौरा	मो0:– 9454404233
थाना पथरा बाजार	मो0:– 9454404240
थाना त्रिलोकपुर	मो0:– 9454404243
थाना उसका बाजार	मो0:– 9454404244

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

थाना शोहरतगढ़	मो0:– 9454404241
थाना खेसरहा	मो0:– 9454404236
थाना इटवा	मो0:– 9454404234
थाना चिल्हिया	मो0:– 9454404229
थाना ढेबरूआ	मो0:– 9454404230
थाना भवानीगंज	मो0:– 9454404228
थाना मिश्रौलिया	मो0:– 9454404238
थाना सि0नगर	मो0:– 9454404242
थाना डुमरियागंज	मो0:– 9454404232
थाना लोटन	मो0:– 9454404237
महिला थाना	मो0:– 9454404891

स्वाथ्य जागरूकता के लिये इंडोनेपाल बार्डर पर 5 किलोमीटर दौड़

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। खेल को घर घर तक ले जाने हेतु शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम समय समय पर आयोजित किया जाता है ऐसे में क्रीड़ा भारती के प्रांत अध्यक्ष अरूण कुमार प्रजापति ने बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारी जिला स्काउट मास्टर महेश कुमार के साथ मिलकर 5 किलोमीटर दौड़ की मैत्रीय योजना बनाया जिसमें महेश कुमार ने आंनद मसाले के निदेशक आशुतोष गर्ग, गाइड कैप्टन अर्चना वर्मा, अध्यापक संजय मौर्य , अभिषेक यादव, शैलेंद्र चौबे, हरीश जायसवाल, अरूण कुमार (स.अ) प्राथमिक विद्यालय भगमनिया बर्डपुर आदि के सहयोग से इस 5 किलोमीटर क्रॉस कंट्री रेस को सफल बनाया। दौड़ में कुल 55 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें बालक वर्ग से 30 और बालिका वर्ग से 25 लोगों ने प्रतिभाग किया जिसमें सशस्त्र सीमा बल 43वीं वाहिनी के इंस्पेक्टर राजीव कुमार एवं ग्राम पंचायत बूड़ा के प्रधान श्री भवानी शंकर शुक्ल ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। दौड़ सकुशल बनाने हेतु सुनील उपाध्याय, संगीता कन्नौजिया, रोहित लोध आदि ने सहयोग किया। 5 किलोमीटर दौड़ में जहां बालिक वर्ग में खरहरा की सपना और मनीषा प्रथम एवं द्वितीय स्थान तथा बूड़ा की अंजनी यादव तृतीय स्थान पर रहीं वहीं बालक वर्ग में ककरहवा के सोमनाथ प्रथम, बूड़ा के विकास पाण्डेय द्वितीय एवं बरदहवा के बुद्धिराम तृतीय स्थान पर रहें। सभी प्रतिभागियों को जलपान व्यवस्था बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से पूर्व माध्यमिक विद्यालय– बूड़ा के प्रधानाध्यापक ने करवाया ।इस तरह के आयोजन के सम्बन्ध में गोरक्ष प्रांत के अध्यक्ष डॉ अरूण कुमार प्रजापति ने बताया की क्रीड़ा भारती एक स्वयं सेवी संस्था है जिसका लक्ष्य देश के हर परिवार तक खेल एवं योग क्रिया को पहुंचाना है जिसके लिए हमारी टीम लगातार कार्य कर रही है हमने ग्राम पंचायत बूड़ा में क्रीड़ा केंद्र बना रखा है जिसमें खिलाडियों के खेलने हेतु विभिन्न सामग्री उपलब्ध कराई है जहां प्रत्येक शाम को 30 से 40 बच्चे खेल का आंनद ले रहे हैं। इंडोनेपाल बोर्डर क्षेत्र में क्रीड़ा भारती के प्रांतीय योग प्रमुख महेश कुमार लगातार बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों के साथ क्रीड़ा भारती के दयित्यों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। आज भगवान बुद्ध की धरती सिद्धार्थ नगर योग के क्षेत्र में राज्य ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपना सहयोग दे रहा है तो निश्चित ही महेश कुमार के अथक परिश्रम और मेहनत का प्रतिफल है।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

₹13000 करोड़ से अधिक के निवेश से 27 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का

लोकार्पण एवं शिलान्यास

नितिन गडकरी
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार
के कर–कमलों द्वारा

एवं

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
की अध्यक्षता में

सोमवार, 13 मार्च 2023

लोकार्पण

- जंगल कौड़िया–मोहद्दीपुर खण्ड का 4 लेन निर्माण (NH-29E, कुल लम्बाई–18 किमी, लागत ₹323 करोड़)
- छावनी–छपिया का 2 लेन पेव्डशोल्डर सहित निर्माण (NH-227A, कुल लम्बाई–55 किमी, लागत ₹281 करोड़)
- भौराबरी से परतावल चौराहा तक निर्माण (NH-328, कुल लम्बाई–26 किमी, लागत ₹94 करोड़)
- बंगाली टोला से बनरहा पूरब पट्टी तक निर्माण (NH-730, कुल लम्बाई–19 किमी, लागत ₹70 करोड़)
- कुई बाज़ार से गोला तक निर्माण (NH-227A, कुल लम्बाई–9 किमी, लागत ₹38 करोड़)
- बभनान में सीसी पेवमेन्ट का निर्माण (NH-727G, कुल लम्बाई–380 मी, लागत ₹4 करोड़)

शिलान्यास

- सौनौली–जंगल कौड़िया (गोरखपुर) खण्ड का 4 लेन निर्माण (NH-24, कुल लम्बाई–80 किमी, लागत ₹2700 करोड़)
- 4 लेन ग्रीनफील्ड गोरखपुर बाईपास का निर्माण (कुल लम्बाई–27 किमी, लागत ₹2100 करोड़)
- बड़हलगंज–महरौना घाट का 2 लेन पेव्ड शोल्डर सहित निर्माण (NH-227A, कुल लम्बाई–57 किमी, लागत ₹974 करोड़)
- महाराजगंज–निचलौल–ठूठीबारी का 2 लेन पेव्डशोल्डर सहित निर्माण (NH-730S, कुल लम्बाई–40 किमी, लागत ₹809 करोड़)
- हड़िया चौराहे से करमैनी घाट तक 2 लेन पेव्डशोल्डर सहित निर्माण (NH-328, कुल लम्बाई–49 किमी, लागत ₹593 करोड़)
- बलरामपुर बाईपास का 2 लेन पेव्डशोल्डर सहित निर्माण (कुल लम्बाई–21 किमी, लागत ₹516 करोड़)
- शोहरतगढ़–उसका बाज़ार का 2 लेन पेव्डशोल्डर सहित निर्माण (NH-730, कुल लम्बाई–33 किमी, लागत ₹510 करोड़)
- सिकरीगंज–बड़हलगंज का 2 लेन पेव्डशोल्डर सहित निर्माण (NH-227A, कुल लम्बाई–39 किमी, लागत ₹403 करोड़)
- छपिया–सिकरीगंज का 2 लेन पेव्डशोल्डर सहित निर्माण (NH-227A, कुल लम्बाई–35 किमी, लागत ₹307 करोड़)
- शोहरतगढ़ बाईपास का निर्माण (NH-730, कुल लम्बाई–6 किमी, लागत ₹189 करोड़)
- गोरखपुर–आनन्द नगर रेल खण्ड पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण (लागत ₹66 करोड़)
- गिलौला बाईपास का 2 लेन पेव्डशोल्डर सहित निर्माण (NH-730 कुल लम्बाई–3.50 किमी, लागत ₹62 करोड़)

दोपहर 12:30 बजे, महन्त दिग्विजयनाथ पार्क, गोरखपुर

लोकार्पण

- झाँसी–खजुराहो खण्ड (उ0प्र0 सीमा) का 4 लेन निर्माण (NH-75/76, लागत ₹1410 करोड़)
- झाँसी–उरई खण्ड पर गुलारा गांव में वे–साईड अमेनिटी का विकास (NH-27, क्षेत्रफल–2.123 हे0, लागत ₹11 करोड़)

शिलान्यास

- म.प्र.–उ.प्र. सीमा से कबरई खण्ड का 4 लेन निर्माण (NH-34 एवं 35, कुल लम्बाई–46 किमी, लागत ₹1681 करोड़)
- राष्ट्रीय राजमार्ग–27 एवं 44 के जंक्शन पर इंटरचेन्ज का निर्माण (NH-27 एवं 44, कुल लम्बाई–1.30 किमी, लागत ₹126 करोड़)
- सूपा में रोड ओवर ब्रिज का निर्माण (NH-76, लागत ₹79 करोड़)
- किडारी में रोड ओवर ब्रिज का निर्माण (NH-76, लागत ₹64करोड़)
- झाँसी–कानपुर खण्ड के झाँसी मेडिकल तिराहे पर फ्लाईओवर का निर्माण (NH-27, कुल लम्बाई–1.3 किमी, लागत ₹61 करोड़)
- खैराड़ा में रोड ओवर ब्रिज का निर्माण (NH-76, लागत ₹51 करोड़)
- झाँसी–ललितपुर खण्ड के कैलगुंवा चौराहा पर अण्डरपास और सर्विस रोड का निर्माण (NH-44, लागत ₹19 करोड़)

दोपहर 03:30 बजे, पुलिस लाईन, मोदी ग्राउण्ड, महोबा

परियोजना के लाभ

- सोनौली–गोरखपुर के 4 लेन निर्माण से अर्न्तराष्ट्रीय सीमा तक यातायात में समय बचत के साथ सीमा सुरक्षा, पर्यटन एवं व्यापार को बढ़ावा।
- बाईपास के निर्माण से गोरखपुर रिंग रोड पूर्ण होगी जिससे शहर में जाम से निजात, व्यापारिक, आवासीय इकाईयों की स्थापना।
- कुशीनगर से लुम्बिनी तक सड़क निर्माण से बौद्ध पर्यटन स्थलों में अर्न्तराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा।
- गिलौला बाईपास के निर्माण से बहराइच–श्रावस्ती–बलरामपुर की बेहतर कनेक्टिविटी एवं देवी पाटन मंदिर के पर्यटकों के लिए यातायात की सुगमता।
- झाँसी–खजुराहो के निर्माण से मैहर–सिंगरौली–रांची औद्योगिक गलियारे एवं झाँसी–ओरछा–खजुराहो में यातायात की सुगमता एवं पर्यटन को बढ़ावा।
- म.प्र.–उ.प्र. सीमा से कबरई खण्ड के निर्माण से भोपाल–कानपुर औद्योगिक गलियारे में लखनऊ तक यातायात की सुगमता एवं समय की बचत।
- झाँसी–प्रयागराज के मध्य रोड ओवर ब्रिज के निर्माण से बुन्देलखण्ड क्षेत्र में यातायात में सुगमता एवं समय की बचत।
- उ.प्र. में निवेश को प्रोत्साहन एवं औद्योगिक विकास को बढ़ावा, नये रोज़गार के अवसरों का सृजन, समय एवं ईंधन की बचत तथा प्रदूषण में कमी।

गरिमामयी उपस्थिति

जनरल (डॉ.) वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त)
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग एवं नागरिक विमानन राज्यमंत्री
भारत सरकार

पंकज चौधरी
वित्त राज्यमंत्री
भारत सरकार

जितिन प्रसाद
लोक निर्माण मंत्री
उत्तर प्रदेश

डा. संजय कुमार निषाद
मत्स्य मंत्री
उत्तर प्रदेश

रामकेश निषाद
जल शक्ति राज्यमंत्री
उत्तर प्रदेश

रमापति राम त्रिपाठी (सांसद (लोकसभा)) | जगदम्बिका पाल (सांसद (लोकसभा)) | हरीश द्विवेदी (सांसद (लोकसभा)) | रवि किशन (सांसद (लोकसभा)) | कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (सांसद (लोकसभा)) | कमलेश पासवान (सांसद (लोकसभा)) | अनुराग शर्मा (सांसद (लोकसभा)) | आर. के. सिंह पटेल (सांसद (लोकसभा)) | विजय कुमार दूबे (सांसद (लोकसभा))

कीर्ति वर्धन सिंह (सांसद (लोकसभा)) | प्रवीन कुमार निषाद (सांसद (लोकसभा)) | रविन्दर कुशवाहा (सांसद (लोकसभा)) | राम शिरोमणि वर्मा (सांसद (लोकसभा)) | डा. राधा मोहन दास अग्रवाल (सांसद (राज्यसभा)) | संगीता यादव (सांसद (राज्यसभा)) | बृजलाल (सांसद (राज्यसभा)) | बाबू राम निषाद (सांसद (राज्यसभा))

माननीय विधानसभा व विधान परिषद सदस्यगण

राकेश कुमार गोस्वामी । ब्रजभूषण राजपूत । रवि शर्मा । डा. रश्मि आर्य । रामरतन कुशवाहा । राजीव सिंह (पारीछा) । प्रकाश द्विवेदी । कैलाश नाथ । पल्टूराम । विनय वर्मा । श्यामधनी राही । राजेश त्रिपाठी । श्रीराम चौहान । डा. विमलेश पासवान बिजयलक्ष्मी गौतम । दीपक कुमार मिश्र 'शाका' । अंकुर तिवारी । गणेश चंद । अजय सिंह । दूधराम । राम फेरन पाण्डेय । ज्ञानेन्द सिंह । प्रेमसागर पटेल । जयमंगल । फतेह बहादुर । इंजी. सरवन कुमार निषाद । महेन्द्र पाल सिंह । प्रभात कुमार वर्मा मनीष कुमार उर्फ मन्टू । डॉ. असीम कुमार । पंचानन्द पाठक (पी.एन.पाठक) । रामप्रताप वर्मा उर्फ शशिकान्त वर्मा । डा. शिव प्रताप यादव । वीरेन्द्र चौधरी । अनिल कुमार त्रिपाठी । महेंद नाथ यादव । कविन्द्र चौधरी । राजेन्द्र प्रसाद चौधरी । इन्द्राणी देवी । ऋषि त्रिपाठी सुरेन्द कुमार कुशवाहा । विपिन सिंह । डा. बाबू लाल तिवारी । अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह । जितेन्द्र सिंह सेंगर । डॉ. धर्मेन्द्र सिंह । सुभाषचन्द्र उर्फ सुभाष यदुवंश । रमा निरंजन । देवेन्द्र प्रताप सिंह । सी.पी. चन्द । प्रज्ञा त्रिपाठी । रतन पाल सिंह । ध्रुव कुमार त्रिपाठी

FOR LIVE STREAMING :
www.facebook.com/nitingadkary
https://twitter.com/nitin_gadkari
www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

FASTag

- लगभग 40 करोड़ घंटे प्रतिवर्ष के अमूल्य समय की बचत • लगभग 35 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष ईंधन की बचत
- लगभग 10 लाख टन कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में कमी से पर्यावरण सरंक्षण

इसलिए FASTag अपनाएं... और देशहित में अपना योगदान दें...

सड़कें ही नहीं,
राष्ट्र का निर्माण भी